हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 अंक 75/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणु दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन

## > 92 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली.

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार की रात निधन हो गया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने 92 साल की उम्र में दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली।

पीटीआई के मुताबिक, डॉ. मनमोहन सिंह को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद एम्स दिल्ली के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। डॉ. मनमोहन सिंह ने साल 2004 से लेकर 2014 तक यूपीए की सरकार में भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उनके निधन पर भारत के राजनीतिक समेत विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों की ओर से शोक संदेश आ रहे हैं।

**अप्रैल में राज्यसभा से रिटायर हुए थे**

बीते 26 सितंबर 2024 को डॉ. मनमोहन सिंह 92 साल के हो गए थे। मनमोहन सिंह का जन्म साल 1932 में अविभाजित भारत में हुआ था। जहां उनका जन्म हुआ आज वह क्षेत्र पाकिस्तान के पंजाब में पड़ता है। आपको बता दें कि मनमोहन सिंह को भारत में आर्थिक सुधारों के प्रमुख वास्तुकार के रूप में श्रेय दिया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया है।



पूर्व पीएम ने 92 साल की उम्र में अंतिम सांस ली है। बता दें कि पीटीआई के मुताबिक, डॉ. मनमोहन सिंह को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद एम्स दिल्ली के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। डॉ. मनमोहन सिंह ने साल 2004 से लेकर 2014 तक यूपीए की सरकार में भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उनके निधन पर भारत के राजनीतिक समेत विभिन्न क्षेत्र के हस्तियों की ओर से शोक संदेश आ रहे हैं।

**अप्रैल में राज्यसभा से रिटायर हुए थे**

बीते 26 सितंबर 2024 को डॉ. मनमोहन सिंह 92 साल के हो गए थे। मनमोहन सिंह का जन्म साल 1932 में अविभाजित भारत में हुआ था। जहां उनका जन्म हुआ आज वह क्षेत्र पाकिस्तान के पंजाब में पड़ता है। आपको बता दें कि मनमोहन सिंह को भारत में आर्थिक सुधारों के प्रमुख वास्तुकार के रूप में श्रेय दिया जाता है।

### रॉबर्ट वाड्रा ने किया कन्फर्म

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर की पुष्टि की है। वाड्रा ने लिखा- "प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। हमारे राष्ट्र के प्रति आपकी सेवा के लिए धन्यवाद। देश में आपके द्वारा लाई गई आर्थिक क्रांति और प्रगतिशील बदलावों के लिए आपको हमेशा याद किया जाएगा।"

भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेक प्रयास किए।

**-पंतप्रधान नरेंद्र मोदी**

## खबरें! एक नजर में!!

### महात्मा गांधी की विरासत को खतरा

**बेलगावी.** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि देश की सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत को खतरा है। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में पत्र के माध्यम से इन ताकतों का मुकाबला करने के लिए अपने संकल्प को फिर से दोहराने का आह्वान भी किया।

### विराट कोहली को मिली सजा

**मेलबर्न :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट का पहला दिन काफी गरम रहा. कोन्स्टास ने मेलबर्न में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के चौथे टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी के स्थान पर पदार्पण किया और शानदार अर्धशतक बनाया और बुमराह के खिलाफ रिकॉर्ड दो छक्के लगाए. मैच में विराट कोहली के विवाद के बाद अब बड़ी खबर आ रही है, क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में विराट कोहली पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है.

### अब 'मृत्यु कूप' की शुरू हुई खुदाई

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में जिला प्रसंभल शासन ने प्राचीन मृत्युकूप के जीर्णोद्धार और खुदाई का काम शुरू कर दिया है। यह कुआं संभल कोतवाली थाना क्षेत्र के कोट पूर्वी में स्थित है। यह प्रयास धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व वाले कुओं को बहाल करने की एक बड़ी पहल का हिस्सा है।

### शिवसेना (यूबीटी) का तीन दिवसीय अभ्यास शुरू

**मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को मुंबई में अपनी पार्टी की स्थिति का आकलन करने के लिए तीन दिवसीय अभ्यास शुरू किया, जहां अगले साल निकाय चुनाव होने की संभावना है, उनके एक करीबी सहयोगी ने कहा।2022 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना में विभाजन के बाद, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों को उद्धव की पार्टी के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में देखा गया था, जो विपक्षी ब्लॉक महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का एक घटक है।

### सीएम रेवंत रेड्डी के साथ बैठक!

**हैदराबाद.** अभिनेता अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को तेलंगाना फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। इस बैठक में तेलुगु फिल्म उद्योग से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बैठक के दौरान तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक कैबिनेट उप-समिति के गठन की घोषणा की। साथ ही फिल्म उद्योग को भी अपनी समस्याओं और योजनाओं पर विचार-विमर्श के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया।

### 2026 में गहरे समुद्र में मानव भेजने की योजना

**हैदराबाद.** वर्ष 2004 में हिंद महासागर में आई सुनामी की 20वीं बरसी से संबंधित कार्यक्रम को भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) में संबोधित करते हुए केंद्रीय विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि केंद्र गहरे समुद्र में मानव भेजने की योजना बना रहा है और यह अभियान 2026 की शुरुआत में मानव अंतरिक्ष मिशन के साथ ही होने की संभावना है।

## राजस्थान में पुलिस के हत्थे चढ़ा चंदन तस्कर

**कोटा :** राजस्थान पुलिस द्वारा चंदन लकड़ी की तस्करी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी के लिए ले जाई जा रही चंदन की लकड़ी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने ये कार्रवाई कोटा में की है। शख्स फिल्मी स्टाइल में प्राइवेट बस की डिग्गी में चंदन की लकड़ियां छिपा कर ला रहा था। लेकिन कोटा के रानपुर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंदन की लकड़ी और तस्कर दोनों को हिरासत में ले लिया।

आरोपी की पहचान अब्दुल हमीद के रूप में हुई है, जो मूलतः उत्तर प्रदेश के कन्नौज का रहने वाला है। हालांकि, मौजूदा समय में वो जयपुर में रह रहा था। इस संबंध में रानपुर थाने के थाना अधिकारी मांगेलाल ने बताया कि कोटा झालावाड़ हाईवे पर जगपुरा चौकी के पास चेकिंग की जा रही थी।

## देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं होता : पीएम मोदी

नई दिल्ली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस का ये दिन हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी विकट स्थितियां आएं, देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं होता। देश के लिए किया गया हर काम वीरता है।" राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में पीएम मोदी बोल रहे थे।

**साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दी**

उन्होंने कहा-"26 दिसंबर का वो दिन, जब छोटी सी उम्र में हमारे साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति



दे दी। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की आयु कम थी, लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था। साहिबजादों ने मुगल सल्तनत के हर लालच को ठुकराया, हर अत्याचार को सहा। जब उन्हें दीवार में चुनवाने का आदेश दिया गया, तो साहिबजादों ने उसे पूरी वीरता से स्वीकार किया... साहिबजादों ने प्राण देना स्वीकार किया, लेकिन आस्था के पथ से विचलित नहीं हुए... वीर बाल दिवस का ये दिन हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी विकट स्थितियां आएं, देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं होता। देश के लिए किया गया हर काम वीरता है। " पीएम मोदी ने इस अवसर पर वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से मुलाकात भी की। पीएम मोदी ने कहा कि "मैं अवार्ड जीतने वाले सभी बच्चों को बधाई देता हूं।

हमारी सरकार ने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करने के लिए इस दिन को मनाने की शुरुआत की...आज हमारे देश के 17 बच्चे बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल और कला जैसे क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

## संतोष देशमुख के हत्यारे को फांसी दो: मंत्री धनंजय मुंडे

### > आरोपी चाहे मेरा करीबी ही क्यों न हो, उसे मत छोड़ना

मुंबई :

राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने गुरुवार को बीड के मासाजोग मामले पर अपना व्यापक रुख स्पष्ट किया। संतोष देशमुख हत्याकांड का आरोपी भले ही मेरा करीबी है, लेकिन उसे मत छोड़ना. उन्होंने कहा, इसे सीधे फांसी पर लटका दो। उनकी भूमिका से मामले की जांच में तेजी आने की संभावना है.

मसजोग के पूर्व सरपंच संतोष देशमुख का 9 को निधन हो गया दिसंबर को हत्या कर दी गई थी। इस घटना का पूरे राज्य में गहरा असर हुआ. इस मामले में मंत्री धनंजय मुंडे के विश्वासपात्र वाल्मीक कराड का नाम सामने आने से मामले की संवेदनशीलता बढ़ गई है. इस पृष्ठभूमि में, धनंजय मुंडे ने उपरोक्त मांग की है और वर्तमान मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है।



धनंजय मुंडे ने गुरुवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस से मुलाकात की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, संतोष देशमुख की बहुत ही क्रूर तरीके से हत्या की गई है. जिसने भी यह हत्या की है उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' मेरी पहले दिन से यही राय रही है कि उन्हें फांसी पर चढ़ना चाहिए।' संतोष देशमुख अंततः मेरे ही जिले के सरपंच थे। मेरे मन में उनके लिए वही सम्मान है. अब इसमें जो भी अपराधी हैं उन्हें सजा दो. चाहे वह कोई भी हो. मेरी स्थिति यह है कि आरोपी चाहे किसी का भी कितना भी करीबी क्यों न हो, मैं उसे जाने नहीं देना चाहता। लेकिन फिर भी कुछ लोग सिर्फ राजनीति के लिए मुझ पर आरोप लगाते हैं, इसके पीछे कौन सी राजनीति हो सकती है? उन्होंने कहा, ''आप इसे समझ सकते हैं.

**वाल्मीक कराड भी सुरेश धास के करीबी हैं**

पत्रकारों ने धनंजय मुंडे को बताया कि बीड के बीजेपी विधायक सुरेश धस और अन्य स्थानीय विधायक इस मामले में वाल्मीक कराड का नाम ले रहे हैं. उन्होंने कहा, वाल्मीक कराड मेरे करीबी हैं. लेकिन वह सुरेश धास के भी करीबी थे. पुलिस वाल्मीक कराड के खिलाफ दर्ज मामले की जांच कर रही है. यह जांच बिल्कुल पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए. इसलिए सरकार किसी का समर्थन नहीं करती. मुझे पता ही नहीं चला कि मैं कब इतनी बड़ी हो गयी. लेकिन मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता कि सुबह मेरे खिलाफ बोले बिना किसी का दिन नहीं निकलता।

### मेरा मीडिया ट्रायल शुरू

धनंजय मुंडे ने यह भी आरोप लगाया कि मीडिया ट्रायल के जरिए उनका नाम खराब करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा, मीडिया ट्रायल के जरिए इस मामले में मेरा नाम खराब किया जा रहा है. इस संबंध में मंत्री पद की शपथ लेने से पहले भी मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कौन सा विभाग दिया जाए और कौन सा दिया जाए और फिर बीड का संरक्षक मंत्री कौन होना चाहिए? इसे लेकर मीडिया ट्रायल किया गया.

## आम आदमी पार्टी का कांग्रेस को अल्टीमेटम

नई दिल्ली:

दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए तारीख की घोषणा अभी नहीं हुई है लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तकरार अब चरम पर जा पहुंची है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली कांग्रेस ईकाई के नेताओं पर बीजेपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है। पार्टी ने कांग्रेस के दिल्ली यूनिट के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है और यह अल्टीमेटम दिया है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वे इंडिया अलायंस के नेताओं से बात करेंगे।

आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली की सीएम आतिशी और आप नेता संजय सिंह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वही करती है जो बीजेपी चाहती है। उन्होंने दिल्ली ईकाई के




कांग्रेस नेताओं बीजेपी के बीच सांठगाठ का आरोप लगाया। सीएम अतिशी ने कहा कि अगर कांग्रेस की बीजेपी से सांठगांठ नहीं है तो अगले 24 घंटे में दिल्ली कांग्रेस के नेताओं पर कार्रवाई करे। आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ बात करेगी और कांग्रेस को गठबंधन से अलग करने पर विचार करेगी।

संजय सिंह ने कहा-दिल्ली में कांग्रेस बीजेपी के पक्ष में खड़ी है। हर वो काम कर रही है जिससे बीजेपी को फायदा हुआ है। अजय माकन बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। कल इन्होंने सारी हदें पर कर दी। कहा अरविंद केजरीवाल एन्टी नेशनल है। ये किस प्रकार का बयान है। अरविंद केजरीवाल वो शख्स है जो कांग्रेस के नेताओं के लिए प्रचार करते थे। हरियाणा में कांग्रेस की वजह से हमारा गठबंधन नहीं हुआ। उसके बाद भी हमने एक शब्द कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोला। कांग्रेस के कैंडिडेट को देख लीजिए.. ऐसा लगता है कि वो आप को कमजोर करने के लिए ऐसे ऐसे उम्मीदवार को उतारा है। संदीप दीक्षित को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उतारा है। हमा कांग्रेस को 24 घंटे का समय देते हैं कि वो अजय माकन के खिलाफ करवाई करें, नहीं तो इंडिया गठबंधन के बाकी सहयोगी से बात करेंगे कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से अलग किया जाए।

## धार्मिक कटुता को समाप्त करने के लिए ऐसे उपाय की आवश्यकता

नई दिल्ली.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अंग्रेजी मुखपत्र के एक आयोजक ने हालिया मंदिर-मस्जिद विवाद पर संघ प्रमुख मोहन भागवत से अलग राय व्यक्त की है। पत्रिका ने अपने ताज़ा अंक में इसे ऐतिहासिक सत्य और सभ्य न्याय की लड़ाई बताया है.

मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में कहा था कि राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगह ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं.

हर दिन एक नया मामला सामने आ रहा है. इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? भारत को दिखाना होगा कि हम साथ रह सकते हैं।'

संगठन संपादक प्रफुल्ल केतकर ने संपादकीय में लिखा है कि सोमनाथ से लेकर संभल और उससे आगे तक ऐतिहासिक सत्य को जानने की यह लड़ाई धार्मिक वर्चस्व के लिए नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान की पुष्टि करने और सभ्य न्याय पाने की लड़ाई है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर संभल की जामा मस्जिद में श्री हरिहर मंदिर के सर्वेक्षण पर विवाद ने संवैधानिक अधिकारों पर एक नई बहस छेड़ दी है। धर्मनिरपेक्षता की झूठी बहस के बजाय एक सभ्य न्याय खोजने की जरूरत है जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हों।



कांग्रेस की साजिश ने मुगल बादशाह बाबर और औरंगजेब जैसे कट्टर शासकों की एक बड़ी छवि बनाई। इससे भारतीय मुसलमानों में यह गलत धारणा बनी कि वे अंग्रेजों से पहले शासक थे।भारत में मुसलमानों को यह समझना होगा कि वे शासक नहीं बल्कि बर्बर इस्लामी आक्रमणों के प्रतीक हैं। भारतीय मुसलमानों के पूर्वज हिंदुओं के विभिन्न संप्रदायों से हैं, इसलिए उन्हें अपनी विचारधारा बदलनी चाहिए।

**भारतीय मुसलमान अतीत के आक्रमणकारियों से भिन्न हैं**

मैगजीन ने कांग्रेस पर चुनावी फायदे के लिए जातियों का शोषण करने का आरोप लगाया है। केतकर लिखते हैं कि कांग्रेस ने जातियों के लिए सामाजिक न्याय में देरी की। अम्बेडकर जातिगत भेदभाव की जड़ तक गए और इसे दूर करने के लिए संवैधानिक प्रावधान किये। इस्लामिक सिद्धांतों पर देश के विभाजन के बाद कांग्रेस और कम्युनिस्ट इतिहासकारों ने आक्रमणकारियों के पापों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने इतिहास की सच्चाई बताकर और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए वर्तमान का पुनर्निर्माण करके सभ्यतागत न्याय हासिल नहीं किया। अब धार्मिक कटुता को समाप्त करने के लिए ऐसे उपाय की आवश्यकता है। इतिहास की सच्चाई को स्वीकार करना और भारतीय मुसलमानों को अतीत के हमलावरों से अलग देखना शांति और सद्भाव की आशा जगाता है।

## बूटीबोरी पुल ढहने के बाद सुरक्षा ऑडिट को लेकर फड़णवीस गडकरी से करेंगे चर्चा

नागपुर.

नागपुर-चंद्रपुर-वर्धा मार्ग को हैदराबाद से जोड़ने वाले बुटीबोरी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर केवल तीन वर्षों में गंभीर रूप से जर्जर हो गया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा कि वह इस बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा करेंगे और शहर के सभी फ्लाईओवरों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाएगा।

बेहद व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर स्थित बुटीबोरी फ्लाईओवर में दरार आ गई है. घटना के बाद पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। इसके चलते इस रोड पर भीषण जाम लग गया है. गाड़ियों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं. जब इस बारे में फड़णवीस से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह इस बारे में गडकरी से चर्चा करेंगे. साथ



ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शहर के सभी फ्लाईओवरों की सुरक्षा जांच की जाएगी.

**वीएनआईटी द्वारा पुल का निरीक्षण**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, विशेषज्ञ, वीएनआईटी के प्रोफेसर और फ्लाईओवर के डिजाइनरों ने फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। विशेषज्ञों ने उन जगहों से नमूने लिए हैं जहां पुल में दरार आई है। इसका निरीक्षण किया जाएगा और दरार पड़ने का सही कारण पता लगाया जाएगा। बुटीबोरी मार्ग पर 1.69 किमी लंबे फ्लाईओवर का निर्माण जून 2021 में राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा किया गया था। इस पुल का निर्माण 70 करोड़ की लागत से किया गया है. इस पुल का निर्माण बुटीबोरी मार्ग पर ट्रैफिक जाम को रोकने के लिए किया गया था।

बुधवार को अधिकारियों, विशेषज्ञों और वीएनआईटी के प्रोफेसरों की टीम ने पुल का निरीक्षण किया. पुल पर यातायात को निम्नलिखित मार्ग पर मोड़ा जा रहा है, जिससे यातायात जाम हो रहा है।

पुल के चालू होने से पहले, फ्लाईओवर का परीक्षण वीएनआईटी के प्रोफेसरों और आईआईटी मुंबई के माध्यम से पुल को डिजाइन करने वाले विशेषज्ञों द्वारा किया गया था। इसलिए उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, रखरखाव और मरम्मत का काम शुरू होता है। तभी एक भारी वाहन पुल के किनारे से गुजर गया. इससे पुल का एक हिस्सा ढह गया. सुरक्षा उपाय के तौर पर पुल पर यातायात बंद कर दिया गया है। पुल के नीचे की सर्विस रोड यातायात के लिए खुली है। अधिकारी ने यह भी कहा कि पुल का पूरा निरीक्षण करने के बाद पुल से यातायात शुरू कर दिया जाएगा.

### सभी पुलों का नियमित निरीक्षण किया जाए

इस घटना से पता चलता है कि पुलों का काम घटिया स्तर का है. अगर इसी तरह से पुल का काम होता रहा तो नागरिकों की जान को खतरा है. बुटीबोरी सहित शहर के सभी पुलों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है। कर्मयोगी फाउंडेशन के पंकज ठाकरे ने यह भी कहा कि जिन घटिया ठेकेदारों और अधिकारियों की देखरेख में काम हुआ, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर में -25 डिग्री तक पहुंचा तापमान

श्रीनगर.

जम्मू-कश्मीर में हर गुजरते दिन के साथ तापमान में भारी गिरावट दर्ज हो रही है। कश्मीर घाटी में तापमान माइनस 25 डिग्री तक चला गया है। इसके कारण विश्व प्रसिद्ध डल झील का हर हिस्सा जम चुका है। डल झील के हिस्सों में बर्फ की 3 से 6 इंच तक बर्फ की मोटी परत बिछ चुकी है।

इसके कारण डल झील में शिकारे की रफ़्तार थम सी गई है। अगर शिकारे चल भी रहे हैं तो उन्हें आगे बढ़ने से पहले बर्फ की मोटी परत को चीरना पड़ता है।

जम गई नदियां और झील

जानकारी के अनुसार, कश्मीर के हर हिस्से में इन दिनों शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल हुआ है। आलम ऐसा है कि झीलों और नदियों का पानी पूरी तरह से जाम चुका है। इसके करण पीने के पानी के नल और पाइपलाइन जाम हो गई है। पानी की किल्लत और बिजली की आंख मचोली से लोग बेहद



परेशान हैं। खासकर झील में रहने वाले लोग जिन्हें बर्फ की मोटी परत काटकर घरों से बाहर निकलना पड़ रहा है।

**कश्मीर के लोगों को अभी नहीं मिलेगी ठंड से राहत**

मौसम विभाग के मुताबिक कश्मीर में फिलहाल लोगों को ठंड से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक कश्मीर में अगले 48 घंटे और ज्यादा ठंडे रहेंगे और इस ठंड का असर देश के दूसरे राज्य में भी देखने को मिल सकता है।

**चिल्ला-ए-कलां का चल रहा है दौर**

बता दें कि कश्मीर में 21 दिसंबर से चिल्ला-ए-कलां शुरू हो चुका है, जोकि 40 दिन चलेगा। इस दौरान लगातार बर्फबारी और तापमान में तेजी गिरावट होती है। चिल्ला-ए-कलां 30 जनवरी को समाप्त होगा।

CMYK

# इस सेक्टर में 20 फीसदी बढ़े नौकरी के मौके

## > रिपोर्ट में दिखा डिजिटल इंडिया का जलवा

**नई दिल्ली.**



भारत कंपनियों की ओर से ऑनलाइन जॉब पोस्टिंग की संख्या में 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है. हाल ही में इंडिया एट वर्क 2024 की जारी रिपोर्ट में कहा गया कि लघु और मध्यम व्यवसाय यानी एसएमबी सेक्टर में डिजिटल यूज और टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपने बिजनेस को फैलाने के चलते जॉब पोस्टिंग की संख्या में वृद्धि हुई है. देश के एंटरप्राइज मार्केट में 2024 में बढ़ोत्तरी देखी गई है. जिसमें खासतौर पर अपना प्लेटफार्म पर 32 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, जोकि जो 500 से अधिक शहरों में 100 प्रतिशत श्रेणियों में 3.5 लाख को पार कर गई.

नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि नौकरी बाजार में वृद्धि का कारण यह है कि उद्यम करने वाले प्लेटफॉर्म ने डिजिटल हायरिंग को बड़े पैमाने पर अपनाया है और उनके टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपने बिजनेस का विस्तार करने से इस सेक्टर में विविधता आ रही है. शिक्षा और विनिर्माण जैसे प्रमुख उद्योग इस भर्ती वृद्धि में सबसे आगे हैं. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन जैसी प्रमुख 100 कंपनियों ने भी प्रमुख भूमिकाओं के लिए भर्ती के लिए अपना को अपनाया है. डिलीवरी और मोबिलिटी में गिग भूमिकाओं में फूड एग्रीगेटर्स, ट्रांसपोर्टेशन और ई-कॉमर्स कंपनियों में 50,000 से अधिक नौकरियां मिलीं, जबकि बिक्री भूमिकाओं में 44,000 से अधिक पोस्टिंग हुईं और ग्राहक सहायता में 35,000 जॉब पोस्टिंग हुईं. इन जॉब पोस्टिंग में से 45 प्रतिशत गैर-मेट्रो क्षेत्रों से आईं, जिसमें जयपुर, लखनऊ और इंदौर जैसे टियर 2 शहरों में 1.5 गुना वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वाराणसी, रायपुर और देहरादून जैसे टियर 3 शहरों में उल्लेखनीय 3 गुना उछाल देखा गया.

**महिलाओं की पोस्टिंग में बढ़ोत्तरी हुई**

महिलाओं की पोस्टिंग में साल दर साल 60 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है. वहीं, एसएमबी सेक्टर में 2024 में नए लोगों को भर्ती करने के लिए नए कदम उठाए. प्लेटफॉर्म पर 9 लाख नौकरियां निकाली. साल 2023 में 20 फीसदी की वृद्धि हुई है. एसएमबी सेक्टर में करीब 63 मिलियन से अधिक उद्यम शामिल हैं, जो जीडीपी में 30 प्रतिशत का योगदान देता है और देश भर में लाखों लोगों को रोजगार देता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि एसएमबी ने देश भर में 6 करोड़ जॉब आवेदन प्राप्त किए, जिससे टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों सहित 900 शहरों में अपना की पहुंच का लाभ मिला.

# अब यमुना एक्सप्रेसवे पर बनेगी 'माया नगरी'

**नई दिल्ली.**





मुंबई की तरह अब नोएडा में भी एक माया नगरी बनने जा रही है. फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को 230 एकड़ में फैली फिल्म सिटी परियोजना के पहले फेज का मास्टर प्लान पेश किया है. इस परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद अगले महीने से साइट पर निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है. यह फिल्म सिटी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से केवल 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगी, जो नोएडा के सेक्टर 21 में विकसित की जाएगी.

इस परियोजना का कुल विस्तार 1,000 एकड़ में होगा, जबकि पहले फेज में 230 एकड़ जमीन पर काम किया जाएगा. इस फेज में 1,510 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इसे अगले आठ वर्षों में पूरा किया जाएगा. फिल्म सिटी का उद्देश्य फिल्म निर्माताओं को एक ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है, जहां वे स्क्रिप्ट के साथ आएं और पूरी फिल्म के साथ लौटें. बोनी कपूर ने बताया कि इस परियोजना के तहत स्टूडियो, अभिनेताओं के लिए विला, आउटडोर सेट, और तकनीशियनों को प्रशिक्षित करने के लिए एक विश्वविद्यालय भी विकसित किया जाएगा. फिल्म सिटी में आधुनिक उपकरण जैसे कैमरे, ट्रॉलियां, क्रेन, और लाइट्स मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि फिल्म निर्माताओं को इन्हें बाहर से लाने की जरूरत न पड़े.

# इंडीक्यूब स्पेसेस लिमिटेड ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई.**



व्यापक, टिकाऊ और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों के माध्यम से पारंपरिक कार्यालय अनुभव को बदलने के लिए समर्पित एक प्रबंधित कार्यस्थल समाधान कंपनी इंडीक्यूब स्पेसेस लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है।इंडीक्यूब को प्रमुख उद्यम पूंजी फर्म, वेस्टब्रिज कैपिटल और प्रसिद्ध व्यक्तिगत निवेशक, आशीष गुप्ता का समर्थन प्राप्त है, जिसके अध्यक्ष, कार्यकारी निदेशक और सीईओ ऋषि दास और सीओओ और कार्यकारी निदेशक मेघना अग्रवाल हैं।

बेंगलुरु स्थित कंपनी के आईपीओ में 750 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रमोटर विक्रय शेयरधारकों ऋषि दास और मेघना अग्रवाल द्वारा 100 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। इंडिक्यूब स्पेसेस लिमिटेड ने नए केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है;

कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। 2015 में निगमित की गई यह कंपनी 13 शहरों में 103 केंद्रों का पोर्टफोलियो प्रबंधित करती है, जो 30 जून 2024 तक 172,451 लोगों की कुल बैठने की क्षमता के साथ सुपर बिल्ट-अप क्षेत्र में 7.76 मिलियन वर्ग फुट प्रबंधन क्षेत्र (एयूएम) को कवर करती है और इसके ग्राहकों के हिस्से के रूप में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और भारतीय उद्यमों का एक संतुलित पोर्टफोलियो है। इंडीक्यूब के ग्राहकों में जीसीसी, भारतीय कॉरपोरेट्स, यूनिकॉर्न के साथ-साथ मिंत्रा, अपग्रेड, जीरोधा, नो ब्रोकर, रेडबस, जसपे, परफियोस, मोग्लिक्स, निंजाकार्ट, सीमेंस, नारायण हेल्थ जैसे क्षेत्रों के स्टार्ट-अप शामिल हैं। इंडिक्यूब ग्रो कंपनी की मुख्य पेशकश है जो प्लग एंड प्ले वर्कस्पेस के लिए एक व्यापक कार्यस्थल समाधान का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें इंटीरियर, प्रौद्योगिकी, सुविधा प्रबंधन और मूल्यवर्धित सेवाएं शामिल हैं। इसने विशेष क्लाइंट आवश्यकताओं की सेवा के लिए चार अतिरिक्त वर्टिकल भी विकसित किए हैं, जिनके नाम हैं इंडिक्यूब बेस्पोक, इंडिक्यूब वन, मीक्यूब और इंडिक्यूब कॉर्नरस्टोन।इसने वित्त वर्ष 2024 में 867.6 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 601.2 करोड़ रुपये थी।

# पीएम मोदी आज बांटेंगे 50 लाख प्रॉपर्टी कार्ड

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि स्वामित्व योजना के जरिए लोन पाने के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये की ग्रामीण आवासीय संपत्तियों का मुद्रीकरण किया जा सकता है. स्वामित्व योजना ग्रामीण इलाकों में संपत्तियों का सीमांकन करने के लिए ड्रोन आधारित किया गया एक सर्वेक्षण है. मंत्रालय ने कहा कि पहले कई राज्यों में गांवों के आबादी वाले क्षेत्रों की मैपिंग नहीं की गई थी. इस कारण से वहां संस्थागत लोन लेने में कमी आई थी. हालांकि, इस सर्वेक्षण के बाद से, कई संपत्ति मालिक अपने प्रॉपर्टी कार्ड से बैंक लोन को सुरक्षित कर सकते हैं,

इसके लिए अब कानूनी आधार मौजूद हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में गांवों का सर्वेक्षण और यहां सुधारित तकनीक के साथ मैपिंग (या स्वामित्व) योजना शुरू की थी. अब तक, लगभग 3 लाख 17 हजार गांवों और कुल लक्ष्य 3 लाख 44 हजार गांवों का 92% सर्वेक्षण किया जा चुका है. इनमें से एक लाख 36 हजार गांवों में लोगों को उनके संपत्ति कार्ड मिल चुके हैं. अब 27 दिसंबर को, पीएम मोदी पूरे भारत में पांच मिलियन संपत्ति कार्ड के वितरण का शुभारंभ करेंगे. विकासशील देशों में पूंजीवाद काम नहीं करता. इसके पीछे का कारण है कि यहां जमीन का मालिक स्पष्ट नहीं है. पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों से जुड़ी हुई. इस योजना के तहत पीएम मोदी में 50 लाख संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे. यहां के लोगों के पास प्रॉपर्टी तो बहुत है लेकिन, उस प्रॉपर्टी का मालिक कौन है इसके बारे में कुछ भी परिभाषित नहीं किया गया है.



इसलिए लोगों को बैंक लोन नहीं मिलता है. इससे आर्थिक गतिविधि में कमी आती है. संबंधित क्षेत्र की सबसे कम बाज़ार दरों को भी ध्यान में रखते हुए ऐसी संपत्तियों का मूल्य 1.37 लाख करोड़ रुपए में आंका गया है. हालांकि, इसका वास्तविक मूल्य इससे ज्यादा हो सकता है.

# भारत 2035 तक तेल की वैश्विक मांग बढ़ाएगा

**नई दिल्ली.**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2035 तक वैश्विक तेल मांग में वृद्धि का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत इस अवधि के दौरान वैश्विक तेल मांग में लगभग 2 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबी/डी) जोड़ेगा, जिससे यह पूरे पेट्रोलियम उद्योग का प्राथमिक विकास चालक बन जाएगा।भारत 2035 तक लगभग 2 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबी/डी) जोड़कर तेल मांग वृद्धि का मुख्य स्रोत बन गया है"।



यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब चीन, जो ऐतिहासिक रूप से तेल बाजार की वृद्धि का नेतृत्व कर रहा है, बिजली से चलने वाली ऊर्जा के उपयोग की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ने के कारण सड़क परिवहन के लिए चीन की तेल खपत में गिरावट आने का अनुमान है। हालांकि, पेट्रोकेमिकल उत्पादन में तेल के बढ़ते उपयोग से यह गिरावट आंशिक रूप से ऑफसेट हो जाती है।वैश्विक स्तर पर, स्टेटेड पॉलिसी परिदृश्य के तहत तेल की मांग में वृद्धि धीमी हो रही है। यह प्रमुख तेल उत्पादक देशों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों का कारण बन रही है। इन देशों को अति आपूर्ति की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि 2030 तक अतिरिक्त कच्चे तेल की उत्पादन क्षमता बढ़कर 8 एमबी/डी हो जाने की उम्मीद है। आईईए ने मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनावों के कारण तेल और गैस आपूर्ति में संभावित निकट-अवधि व्यवधानों की भी चेतावनी दी है।इसके अलावे, परिवहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में, सड़क परिवहन ने तेल की मांग में 4.2 एमबी/डी की वृद्धि की है, जो वैश्विक तेल मांग वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा है। हालांकि, यह प्रवृत्ति बदल रही है, 2030 तक यात्री कारों के लिए तेल की मांग में 1 एमबी/डी की गिरावट आने की उम्मीद है।

भविष्य की ओर देखते हुए, उम्मीद है कि नई एलएनजी परियोजनाओं से 2030 तक वैश्विक निर्यात क्षमता में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिससे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में और अधिक परिवर्तन आएगा। रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे देश इन बदलावों के अनुकूल होते जाएंगे, भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें वैश्विक तेल बाजारों को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी।

# अर्थव्यवस्था के लिए मिला-जुला रहा साल 2024

**नई दिल्ली.**



वर्ष 2024 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिला-जुला रहा। इस साल नई उभरती चुनौतियों के बीच कई उल्लेखनीय सफलताएं भी हासिल हुईं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया, लेकिन लगातार घरेलू कारणों से बाजार में जारी आशावाद को कुछ हद तक नरम कर दिया। बीत रहा साल अर्थव्यवस्था के लिहाज से कैसा रहा, आइए विस्तार से जानें। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत 2024 में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा। भू-राजनीतिक तनाव और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सुस्त रिकवरी के बावजूद, भारत मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 8.2% की प्रभावशाली जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने कामयाब रहा। यह वृद्धि मजबूत घरेलू मांग, सरकारी पहल और निर्यात क्षेत्र में लचीलेपन के कारण रही।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2024 में मजबूत बना रहा, जिससे वैश्विक अनिश्चितताओं और मुद्रा की अस्थिरता से निपटना आसान हुआ। वर्ष के अधिकांश समय में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के आसपास रहा, जिससे रुपये को सहारा मिला और बाहरी व्यापार और भुगतान में स्थिरता सुनिश्चित हुई। अपनी बढ़ती आर्थिक ताकत के साथ, भारत ने सितंबर में दुनिया के सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों की श्रेणी में शामिल होने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत ने जिससे चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद वैश्विक स्तर पर चौथा स्थान किया। आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 12.588 बिलियन डॉलर बढ़कर 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# नए पीएसीएस बनाने का लक्ष्य समय से पहले होगा पूरा : शाह

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज 10,000 नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का शुभारंभ किया। इन समितियों में डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियाँ भी शामिल हैं। अमित शाह ने कहा कि 5 साल के भीतर 2 लाख नए पीएसीएस बनाने का लक्ष्य समय से पहले पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के त्रि-स्तरीय सहकारिता ढांचे को मजबूती देने के लिए 2 लाख नए पीएसीएस बनाने का निर्णय लिया था, और इस प्रक्रिया में नाबार्ड, एनडीडीबी और ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी ने 70 वर्षों से हाशिए पर पड़ी सहकारिता को एक मजबूत स्तंभ बनाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना हुई, जिससे देश में सहकारिता को नया आकार मिला है। सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने के लिए 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित किया जा रहा है। इसके अलावा, सहकारी समितियां अब कृषि प्रसंस्करण, डेयरी, मत्स्य पालन, बुनाई, ऋण और विपणन जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय हो रही हैं। इन समितियों से देश की आधी आबादी जुड़ी हुई है। शाह ने यह भी बताया कि पैक्स को बहुआयामी बनाने के लिए भंडारण, खाद, गैस, उर्वरक और जल वितरण जैसे क्षेत्रों में जोड़ा जा रहा है।



अमूल, इफको, कृभको और नाफेड जैसी सहकारी संस्थाएं भारत में सहकारिता आंदोलन की सफलता की मिसाल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पैक्स के माध्यम से किसानों को पशुपालन, मत्स्य पालन और अन्य व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में, पैक्स को माइक्रो एटीएम और क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे, जिससे किसानों को कम खर्च पर ऋण मिल सकेगा। इसके अलावा, पैक्स में कंप्यूटराइजेशन और टेक्नोलॉजी से पारदर्शिता आएगी और सहकारिता का जमीनी स्तर पर विस्तार होगा। इनके अलावा, राज्यों के सहकारी विभाग 25,000 पीएसीएस बनाएंगे। अब तक 11,695 नई प्राथमिक सहकारी समितियां पंजीकृत की जा चुकी हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। शाह ने कहा कि 2 लाख नए पीएसीएस बनने के बाद किसानों की उपज को वैश्विक बाजार में पहुँचना सरल हो जाएगा। अमित शाह की रणनीतियों के तहत देश आज विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार की योजनाओं का लाभ अब देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है।

# अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट के 10.13 करोड़ शेयर खरीदे

**नई दिल्ली.** दक्षिण भारत के सीमेंट उद्योग पर बादशाहत रखने वाली कंपनी इंडिया सीमेंट पर अब कुमारमंगलम बिड़ला की अगुवाई वाले आदित्य बिड़ला समूह का कब्जा हो गया है. सात हजार करोड़ में इंडिया सीमेंट के 32.73 फीसदी शेयर अपने अधीन करने के साथ ही आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक ने इसके मैनेजमेंट को भी पूरी तरह से अपने कंट्रोल में लेने की कवायद शुरू कर दी है.

इंडिया सीमेंट के 24 दिसंबर को अल्ट्राटेक की सब्सिडियरी होते ही कभी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन के रूप में चर्चित रहे एन श्रीनिवासन ने इंडिया सीमेंट के सीईओ और एमडी के पद से इस्तीफा दे दिया है. इंडिया सीमेंट के मैनेजमेंट से अपना हाथ खींचने की डील के तहत श्रीनिवासन की पत्नी चित्रा श्रीनिवासन, बेटी रूपा गुरुनाथ और वी एम मोहन ने भी बोर्ड से इस्तीफा दिया है. श्रीनिवासन और उनके परिवार के सदस्यों के इस्तीफे से पहले दिसंबर की शुरूआत में ही अल्ट्राटेक कंपनी की ओर से इंडिया सीमेंट के 10 करोड़ 73 लाख शेयर खरीदने की डील फाइनल हो गई थी. इसके तहत कंपनी के कुछ स्वतंत्र निदेशक एस बालासुब्रमण्यन आदित्यन, कृष्णा श्रीवास्तव, लक्ष्मी अपर्णा श्रीकुमार और संध्या रंजन भी इस्तीफा दे चुके हैं. बोर्ड चार नए निदेशकों केसी झावड़, विवेक अग्रवाल, ई आर राजनारायण और अशोक रामचंद्रन को नियुक्त भी कर चुका है.

# 1 जनवरी से एलपीजी सिलेंडर समेत होंगे ये बड़े बदलाव

## > जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली.**

साल 2024 खत्म होने वाला है. अब नए साल में नए राग होंगे, नए खर्चे होंगे. इसलिए आपके लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि 1 जनवरी 2025 से कौन-कौन सी अहम चीजों में बदलाव होने जा रहा है. यह सीधा आपकी जेब पर असर डालेगा. कई कार कंपनियों ने अपनी कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है. इसके अलावा, जीएसटी पोर्टल में तीन महत्वपूर्ण बदलाव होंगे.

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़ी नीतियों में बदलाव किया है.1 जनवरी 2025 से टेलीकॉम कंपनियों के लिए कुछ नए नियम लागू होंगे. इन नियमों के तहत कंपनियों को ऑप्टिकल फाइबर और नए मोबाइल टावर लगाने पर ध्यान देना होगा. इससे कंपनियों को अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी. टावर लगाने की प्रक्रिया में कम झंझट होगा.

अमेजन इंडिया ने 1 जनवरी 2025 से अपनी प्राइम मेंबरशिप के नियमों में बदलाव किया है. अब एक अकाउंट से सिर्फ दो टीवी पर प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकेगा. इससे ज्यादा टीवी पर स्ट्रीमिंग करने के लिए अतिरिक्त सदस्यता लेनी पड़ेगी. पहले पांच डिवाइस तक कोई पाबंदी नहीं थी.



### कारों की कीमतें बढ़ने जा रही हैं

नया साल आते ही कारों की कीमतों में इजाफा होने वाला है. कई प्रमुख कार कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है. मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा, मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू, और ऑडी ने इसमें शामिल है. इन कंपनियों ने लगभग 3 फीसदी तक की कीमत बढ़ाने की बात की है. हर महीने की पहली तारीख को ऑयल कंपनियां एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करती हैं. पिछले पांच महीनों से 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी हुई है. लेकिन 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है. दिल्ली में अब घरेलू सिलेंडर की कीमत 803 रुपये है.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र सह्याद्री | दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 52 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 26/12/2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SD-02 : 2553 | | श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 5802 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1171 पवार लॉटरी - ठाणे | 3254 हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा | 5783 |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1047 | 1719 | 2692 | 3555 | 4750 |
| 1092 | 1821 | 2702 | 3699 | 4786 |
| 1117 | 2027 | 2807 | 3793 | 4941 |
| 1164 | 2167 | 3115 | 3900 | 5080 |
| 1374 | 2171 | 3174 | 3986 | 5151 |
| 1657 | 2251 | 3345 | 4042 | 5430 |
| 1697 | 2438 | 3414 | 4645 | 5483 |
| 1717 | 2496 | 3522 | 4710 | 5518 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW | सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर | मालिका 10 | पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे) | नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 26/12/2024
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी | सोडत दर गुरुवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 52 सोडत दिनांक 26/12/2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | AP-09 : 6841 | | | | | |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी | 6841 | किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण | | | |
| | सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2319 | 2601 | 3004 | 4268 | 4419 | 6019 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 3121 | 4732 | 5246 | 5781 | 6038 | 6842 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 2287 | 3407 | 4613 | 5476 | 5987 | 6403 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2645 | 3399 | 3521 | 3775 | 4420 | 5663 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) | रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1772 | 2213 | 2613 | 3137 | 3653 | 4014 | 4430 | 4840 | 5243 | 5559 | 6031 | 6562 |
| | | 1781 | 2220 | 2677 | 3149 | 3655 | 4045 | 4436 | 4842 | 5244 | 5571 | 6039 | 6566 |
| 1001 | 1363 | 1812 | 2224 | 2682 | 3185 | 3664 | 4046 | 4464 | 4852 | 5256 | 5572 | 6055 | 6569 |
| 1003 | 1380 | 1813 | 2227 | 2705 | 3187 | 3703 | 4048 | 4468 | 4874 | 5280 | 5573 | 6065 | 6590 |
| 1011 | 1395 | 1814 | 2235 | 2719 | 3192 | 3723 | 4049 | 4473 | 4887 | 5296 | 5577 | 6072 | 6606 |
| 1018 | 1413 | 1818 | 2240 | 2721 | 3197 | 3727 | 4050 | 4479 | 4890 | 5305 | 5588 | 6080 | 6615 |
| 1059 | 1440 | 1871 | 2245 | 2791 | 3217 | 3736 | 4060 | 4482 | 4894 | 5308 | 5592 | 6084 | 6620 |
| 1061 | 1449 | 1881 | 2250 | 2798 | 3264 | 3737 | 4062 | 4484 | 4906 | 5367 | 5645 | 6136 | 6626 |
| 1080 | 1473 | 1892 | 2273 | 2802 | 3271 | 3749 | 4070 | 4493 | 4907 | 5385 | 5647 | 6160 | 6644 |
| 1110 | 1488 | 1894 | 2274 | 2806 | 3307 | 3756 | 4074 | 4514 | 4913 | 5405 | 5649 | 6166 | 6658 |
| 1112 | 1508 | 1907 | 2282 | 2812 | 3310 | 3760 | 4099 | 4522 | 4914 | 5415 | 5666 | 6219 | 6671 |
| 1119 | 1511 | 1916 | 2284 | 2813 | 3314 | 3768 | 4104 | 4561 | 4919 | 5425 | 5672 | 6220 | 6677 |
| 1134 | 1518 | 1941 | 2297 | 2820 | 3316 | 3773 | 4112 | 4571 | 4922 | 5434 | 5675 | 6229 | 6680 |
| 1139 | 1551 | 1945 | 2314 | 2829 | 3323 | 3776 | 4141 | 4584 | 4945 | 5435 | 5685 | 6238 | 6686 |
| 1146 | 1564 | 1966 | 2330 | 2862 | 3331 | 3809 | 4143 | 4590 | 4947 | 5437 | 5715 | 6243 | 6687 |
| 1147 | 1574 | 1982 | 2333 | 2872 | 3335 | 3828 | 4151 | 4617 | 4952 | 5439 | 5725 | 6256 | 6696 |
| 1151 | 1579 | 1984 | 2335 | 2888 | 3336 | 3831 | 4158 | 4641 | 4980 | 5440 | 5752 | 6267 | 6703 |
| 1158 | 1581 | 1987 | 2360 | 2890 | 3340 | 3833 | 4160 | 4669 | 4991 | 5447 | 5759 | 6269 | 6716 |
| 1160 | 1598 | 1991 | 2378 | 2892 | 3343 | 3847 | 4174 | 4671 | 4996 | 5457 | 5775 | 6296 | 6729 |
| 1171 | 1614 | 2002 | 2387 | 2900 | 3346 | 3851 | 4198 | 4674 | 4997 | 5483 | 5795 | 6316 | 6742 |
| 1172 | 1618 | 2022 | 2391 | 2916 | 3350 | 3864 | 4200 | 4697 | 5005 | 5488 | 5800 | 6318 | 6762 |
| 1178 | 1629 | 2024 | 2419 | 2927 | 3353 | 3870 | 4228 | 4709 | 5008 | 5495 | 5816 | 6354 | 6766 |
| 1181 | 1641 | 2036 | 2427 | 2944 | 3354 | 3879 | 4237 | 4720 | 5026 | 5499 | 5850 | 6375 | 6796 |
| 1189 | 1651 | 2052 | 2429 | 2974 | 3360 | 3881 | 4243 | 4727 | 5027 | 5500 | 5855 | 6403 | 6809 |
| 1211 | 1655 | 2067 | 2435 | 2990 | 3367 | 3883 | 4249 | 4743 | 5051 | 5503 | 5859 | 6413 | 6842 |
| 1216 | 1667 | 2078 | 2472 | 3009 | 3373 | 3898 | 4268 | 4745 | 5054 | 5505 | 5877 | 6441 | 6856 |
| 1224 | 1674 | 2108 | 2500 | 3032 | 3377 | 3912 | 4314 | 4746 | 5058 | 5509 | 5895 | 6446 | 6867 |
| 1226 | 1691 | 2118 | 2504 | 3034 | 3383 | 3927 | 4329 | 4747 | 5062 | 5518 | 5898 | 6461 | 6872 |
| 1232 | 1692 | 2130 | 2512 | 3039 | 3401 | 3930 | 4369 | 4778 | 5075 | 5523 | 5905 | 6465 | 6876 |
| 1263 | 1694 | 2159 | 2517 | 3059 | 3511 | 3949 | 4373 | 4784 | 5145 | 5525 | 5929 | 6466 | 6891 |
| 1277 | 1700 | 2162 | 2526 | 3080 | 3566 | 3951 | 4377 | 4794 | 5153 | 5526 | 5933 | 6483 | 6892 |
| 1288 | 1711 | 2163 | 2529 | 3093 | 3603 | 3959 | 4386 | 4817 | 5155 | 5531 | 5953 | 6486 | 6935 |
| 1296 | 1712 | 2173 | 2551 | 3104 | 3604 | 3982 | 4399 | 4818 | 5178 | 5542 | 5954 | 6488 | 6954 |
| 1344 | 1713 | 2176 | 2565 | 3120 | 3615 | 3983 | 4417 | 4821 | 5217 | 5545 | 5960 | 6490 | 6957 |
| 1360 | 1743 | 2188 | 2571 | 3123 | 3617 | 3990 | 4422 | 4832 | 5233 | 5548 | 5998 | 6528 | 6962 |
| 1361 | 1758 | 2204 | 2606 | 3126 | 3631 | 3993 | 4426 | 4838 | 5238 | 5553 | 6010 | 6556 | 6981 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW | सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर | मालिका 10 | पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे) | नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
आकर्षक पुष्कराज | सोडत दिनांक 26/12/2024 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



## पानी की टंकी टूटने से बड़ा हादसा

**> नाबालिक लड़की की मौत, 3 लोग हुए घायल**

**मुंबई:** मुंबई के नागपाड़ा इलाके में बीएमसी स्टाफ कॉलोनी में बुधवार शाम को सीमेंट की पानी की टंकी टूटने से बड़ा हादसा हो गया। इस में एक नाबालिग की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चारों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने एक नाबालिग लड़की को मृत घोषित कर दिया।

बीएससी स्टाफ कॉलोनी में पानी की टंकी टूट गई। इसमें चार लोग दब गए थे। इस हादसे में 9 वर्षीय लड़की की मौत हो गई और एक नाबालिग सहित तीन अन्य घायल हो गए। बृहन्मुंबई नगर निगम के आश्रय योजना प्रकोष्ठ ने 'एसडब्लूएम स्टाफ क्वार्टर' के निर्माण के लिए अस्थायी टंकी लगाई थी।

मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में दो नाबालिगों समेत 4 लोग घायल हो गए, उन्हें पास के फौजिया अस्पताल ले जाया गया जहां 9 साल की बच्ची को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है। एक अधिकारी ने बताया कि "ये सभी लोग ठेकेदार से जुड़े थे और ऐसा प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी टूट गई।" हालांकि अभी तक इस हादसे का असली कारण पता नहीं चल पाया है। कहा जा रहा है कि जांच के बाद ही सही कारणों का पता लग सकता है। मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह घटना शाम करीब 5:43 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान खुशी खातून (9) के रूप में हुई है वहीं घायलों की पहचान गुलाम रसूल (32), मिराज खातून (9) और नजरानबीबी (33) के रूप में हुई है। तीन लोगों को मामूली चोटें आई थी। जिनको उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच की जाएगी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कम होंगी बिजली की कीमतें

**> सीएम ने सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी**





**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके उद्योगों समेत सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अगले दो-तीन साल में महाराष्ट्र में बिजली के रेट कम होने की संभावना भी जताई। फडणवीस ने यह बात नागपुर में 'प्रेस से मुलाकात' कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत गरीब लोगों को दिए जाने वाले मकानों में सौर ऊर्जा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास राज्य के ऊर्जा मंत्रालय का भी प्रभार है और पिछली सरकार में भी यह मंत्रालय उन्हीं के पास था।

फडणवीस ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है और हमने इसके लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है।फडणवीस ने कहा कि बीजेपी का कौन-सा मंत्री किस जिले का पालक मंत्री होगा इसका फैसला पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर वावनकुले करेंगे। वे मुझे जिस जिले का काम देखने को कहेंगे, मैं वहां काम करूंगा, लेकिन मेरी इच्छा गढ़चिरौली जिले में काम करने की है। यह महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित जिला है। पिछले वर्षों में हमने वहां के हालात तेजी से बदले हैं। फडणवीस ने दावा किया कि महाराष्ट्र में नक्सलवाद अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।

**गरीबों के मकानों का बिजली बिल होगा जीरो**

सीएम ने कहा हमारी योजना यह भी है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत गरीबों को दिए जाने वाले मकानों का बिजली का बिल न आए। फडणवीस ने कहा कि वह सिंचाई क्षेत्र से जुड़ी लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बड़ी आकांक्षाओं और चुनौतियों के साथ हमें जनादेश मिला है।



## अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**> ठाणे समेत कई जगहों पर तलाशी जारी**

**मुंबई.**

नवी मुंबई पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी नागरिकों को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। इनमें 8 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। अब महाराष्ट्र एटीएस ने इस अभियान को तेज कर दिया है। महाराष्ट्र एटीएस ने बुधवार को मुंबई, पुणे, ठाणे नासिक समेत कई जिलों में तलाशी अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ चल रहे इस अभियान के तहत पुलिस ने अब तक कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है।

वहीं 10 से अधिक मामले दर्ज कर लिए है। अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के वाशी और रायगड जिले के खारघर में छापेमारी के दौरान इन लोगों को पकड़ा है। नवी मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी पुरुष आमतौर पर मजदूर के रूप में काम करते हैं, जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर भी स्थानीय पुलिस, ठाणे, नवी मुंबई, मुंबई सिटी, नासिक आदि की मदद से एटीएस ने भारत के शहरों में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की तलाशी ली। विदेशी नागरिक अधिनियम 1946, पासपोर्ट अधिनियम 1950, पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत अब तक विभिन्न पुलिस थानों में कुल 10 अपराध दर्ज किए गए हैं। वहीं 14 पुरुषों और 3 महिलाओं सहित कुल 17 अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

## हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट की कीमत फिक्स

**मुंबई.**




महाराष्ट्र में एक अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर्ड वाहनों में हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए वाहन मालिकों को 531 रुपये से 879 रुपये तक की कीमत अदा करनी होगी। महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने यह जानकारी दी है। यह कीमत ऑनलाइन अदा की जा सकती है, परिवहन विभाग का लिंक बुधवार से सक्रिय हो गया है। इस कीमत में नंबर प्लेट के स्नैप लॉक की लागत और माल एवं सेवा कर भी शामिल है। ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल एवं स्कूटर जैसे दोपहिया वाहनों के लिए एचएसआरपी लगाने की लागत 531 रुपये, ऑटो-रिक्शा जैसे तिपहिया वाहनों के लिए 590 रुपये और कार, बस, ट्रक, टैंकर, टेम्पो एवं ट्रेलर जैसे बड़े वाहनों के लिए 879 रुपये होगी। अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी वाले नंबर प्लेट लगाने के लिए राज्य परिवहन विभाग ने अपनी वेबसाइट और समर्पित वेबपेज पर 'अपॉइंटमेंट' की सुविधा उपलब्ध कराई है। वेबसाइट पर विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए एचएसआरपी दरों का भी उल्लेख किया गया है। इन पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी भी लगेगी।

दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए 200 मिमी गुणा 100 मिमी और 285 मिमी गुणा 45 मिमी आकार की प्रत्येक एचएसआरपी प्लेट की लागत 219.9 रुपये होगी। वहीं चार या अधिक पहिया वाहनों के लिए 500 मिमी गुणा 120 मिमी और 340 मिमी गुणा 200 मिमी आकार की प्लेट की कीमत 342.41 रुपये होगी। सभी प्रकार के वाहनों के लिए स्नैप लॉक और तीसरे पंजीकरण चिह्न की लागत, जीएसटी को छोड़कर, क्रमशः 10.18 रुपये और 50 रुपये होगी। एचएसआरपी लगाने के लिए जीएसटी का हिस्सा दोपहिया और ट्रैक्टर के लिए 81 रुपये, तिपहिया वाहनों के लिए 90 रुपये और चार या अधिक पहिया वाहनों के लिए 134.10 रुपये होगा। एक अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों में भी आगे और पीछे एचएसआरपी लगाई जाएगी और उनके विंडशील्ड पर भी पंजीकरण चिह्न का स्टिकर लगाया जाएगा। गौरतलब है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में बहुत पहले से चल रहा है। महाराष्ट्र में इसकी शुरूआत लेट हुई। हालांकि तेजी से इसको सभी गाड़ियों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की तैयारी है।

## 5 वर्षीय बच्ची से पुलिसकर्मी ने किया दुष्कर्म

**पुणे.** जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां लोनावाला में विसापुर किले के पास एक शराबी पुलिसकर्मी ने 5 वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न किया. घटना के बाद लोनावला ग्रामीण पुलिस ने पुलिस अधिकारी सचिन वसंत सस्ते को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी सचिन पुणे मुख्यालय में कार्यरत है. जानकारी के अनुसार बुधवार को क्रिसमस के मौके पर पुलिस कर्मी सचिन विसापुर किले के पास ऑन ड्यूटी था. किले के निचले हिस्से में पीड़ित का घर है. पीड़िता परिवार के साथ रहती है. इसी परिवार ने सचिन को खाना खिलाया था. खाने का बिल चुकाते वक्त उसकी नजर बच्ची पर पड़ी. जिसके बाद उसने खेल रही बच्ची के साथ दुष्कर्म किया. आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद बच्ची ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी. जिसके बाद बच्ची की मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने पुलिस में शिकायत दी.

## ठाणे में 12 वर्षीय लड़की का अपहरण व हत्या



**ठाणे.**

जिले में 12 वर्षीय लड़की के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी व आरोपी की तीसरी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जोन-3 कल्याण अतुल जेंडे ने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान विशाल गवली के रूप में हुई है और उसे बुधवार सुबह बुलढाणा जिले के शेगांव से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ठाणे जिले की 12 वर्षीय लड़की का सोमवार दोपहर कल्याण से कथित तौर पर अपहरण किया गया था और उसका शव मंगलवार सुबह जिले के भिवंडी के पास मिला। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि पोस्टमार्टम में अगर दुष्कर्म की पुष्टि हुई तो मामले में अन्य कानूनी धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। अपराध में प्रयुक्त ऑटोरिक्शा भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। विभिन्न सीसीटीवी फुटेज की जांच पुलिस कर रही है और यह भी पता लगा रही है कि क्या अपराध में और लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस अनुसार मुख्य आरोपी गवली कोलसेवाड़ी निवासी है, उसके खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह पूछे जाने पर कि तीन बार शादी करने वाला आरोपी क्या मानसिक तौर पर विकृत है अधिकारी ने कहा कि इस दिशा में भी जांच की जा रही है।

बता दें कि परिजनों ने कई घंटों तक 12 वर्षीय नाबालिक लड़की की तलाश करने के बाद सोमवार शाम को कल्याण के कोलसेवाड़ी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुरू में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 के तहत एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। कोलसेवाड़ी पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक अशोक कदम ने बताया कि शव मिलने के बाद मामले में बीएनएस की धारा 103 (1) जोड़ दी गई। कदम ने कहा कि "हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और यदि दुष्कर्म की बात सामने आई तो प्राथमिकी में अन्य दंडात्मक धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। इस बीच, कल्याण (पूर्व) के कोलसेवाड़ी इलाके में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने मुंह पर काला कपड़ा बांधकर विरोध मार्च निकाला और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए बैनर और तख्तियां ले रखी थीं। स्थानीय नागरिकों ने आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की है।



## पूरी होगी हिंदू संगठनों की मांग

**> किया सनातन बोर्ड का मुस्लिम नेता ने समर्थन**

**मुंबई.**

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने वक्फ बोर्ड की तर्ज पर सनातन बोर्ड बनाने की मांग की है। इसके समर्थन में कई नेता आ रहे हैं। इस बीच समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी सनातन बोर्ड का समर्थन किया है। वक्फ बोर्ड के तर्ज पर सनातन बोर्ड बनाने की मांग का स्वागत करते हुए सपा नेता अबू आजमी ने आईएएनएस से कहा कि वक्फ बोर्ड वो है, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने अपनी जमीन को दान में दिया हुआ है। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कहा कि अगर सनातन धर्म में भी लोग जमीन दान में देते हैं और उसका बोर्ड बनता है, तो उसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीनों पर कई लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिस पर सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लोगों का हक है।

**महाकुंभ में दूसरे धर्म के लोग न जाए**

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 को लेकर सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि कुंभ के मेले में सिर्फ हिंदुओं को जाना चाहिए, दूसरे धर्म के लोग वहां नहीं जाना चाहिए। मुस्लिम समाज के मौलानाओं ने भी उसी बात को दोहराया है। उन्होंने कहा कि "हालांकि यह देश के लिए गलत है। कई क्षेत्र में हिंदू और मुस्लिम समाज को लोग मिलकर काम करते हैं। सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ाने वाली बात करने वालों पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।"

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के परभणी दौरे और उनकी ओर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर झूठ बोलने के आरोप पर सपा नेता ने कहा कि परभणी में गलत हुआ है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी गई थी, जिसके बारे में हमने विधानसभा में भी बोला। ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। परभणी की घटना पर महाराष्ट्र सरकार की पूरी जिम्मेदारी लेकर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# ठाणे जिले में पानी होगा महंगा

**> जल योजना घाटे में, दरें बढ़ाने की तैयारी**



**ठाणे.**

जिले के अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, तलोजा, नवी मुंबई सहित अन्य शहरों में बारवी बांध से पानी की आपूर्ति करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल ने स्थानीय निकायों को आपूर्ति किए जाने वाले पानी की दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। विधानसभा चुनाव से पहले एमआईडीसी प्रशासन ने इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्ताव मंजूरी के लिए निदेशक मंडल के समक्ष रखा था। लेकिन इस प्रस्ताव को स्थगित रखकर चुनाव के बाद निर्णय लेने का फैसला लिया गया। नए साल में होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव एक बार फिर मंजूरी के लिए रखा जाएगा और इस बात पर निर्णय लिया जाएगा कि संपूर्ण ठाणे जिले के स्थानीय निकायों के लिए जल शुल्क बढ़ाया जाए या नही। वैसे पिछले 11 साल में एमआईडीसी की पानी की दरें नहीं बढ़ीं है।

औद्योगिक उपयोग के साथ-साथ शहरी पेयजल की प्यास बुझाने वाली महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल की जल योजनाओं की बकाया जल बिल राशि दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, महामंडल ने इन योजनाओं को अद्यतन करने के लिए काफी खर्च किया है। ऐसे में पानी और बिजली की दरें बढ़ने से महामंडल आर्थिक संकट में है। इसलिए महामंडल अपनी जल योजनाओं की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव बनाया है।

इसके अलावा पांच साल पहले महामंडल द्वारा बारवी बांध की ऊंचाई बढ़ाकर जल भंडारण क्षमता बढ़ाई गई है। बारवी जल प्रदाय योजनान्तर्गत 1800 मिमी व्यास वाले हल्के स्टील के पानी के पाइपों को बदलने और जल उपचार संयंत्र के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। इन सभी कार्यों पर महामंडल का काफी पैसा खर्च हुआ है। देनदारी 10 हजार 332.52 करोड़ और प्रस्तावित देनदारी 9 हजार 739.04 करोड़ कुल देनदारी 20 हजार 071.62 करोड़ है। महकमे ने 2013 के बाद से जलापूर्ति की दर में बढ़ोतरी नहीं की है। जल आपूर्ति टैरिफ में मुख्य रूप से जल पट्टी और बिजली टैरिफ प्रमुख लागत है। इन घटकों का लागत अनुपात क्रमशः 35.36 प्रतिशत और 25.44 प्रतिशत, कुल 60.80 प्रतिशत है। साथ ही हर साल पानी और बिजली की दरों में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते 2013 के बाद से मंडल के खर्चों में 67 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद राजस्व में सिर्फ 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## नाबालिग का शव ड्रम में मिला

**पुणे.** जिले के राजगुरुनगर शहर से लापता दो नाबालिग लड़कियों के शव बुधवार शाम को एक ड्रम में पाए गए. दोनों बहनें घर के पास खेलते वक्त लापता हो गई थीं. उनकी तलाश करने पर राजगुरुनगर के पास एक बिल्डिंग के बगल में एक ड्रम में दोनों की लाशें मिली हैं.




डेड बॉडीज बरामद किए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए एक टीम भेजी, जिसके बाद उसे पुणे के एक होटल से गिरफ्तार किया गया. राजगुरुनगर पुलिस ने दोनों लड़कियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुणे के ससून हॉस्पिटल भेज दिया है. पुलिस को शक है कि आरोपी ने लड़कियों के साथ गलत हरकत की है. आरोपी गिरफ्तार किए जाने के बाद कुछ बातों की पुष्टि कर रहा है. पुणे के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने आजतक के साथ बातचीत में बताया कि पूरी घटना की पुष्टि के लिए हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आएगी.

## 31 दिसंबर को पार्टी करें लेकिन संभलके

**मुंबई :** 31 दिसंबर की रात को शराब पीकर और पार्टी करके नए साल का स्वागत करना पसंद करते हैं। इसके लिए होटल और रेस्टोरेंट को अब 31 दिसंबर की रात 5 बजे तक खोलने की इजाजत दी गई है. हालाँकि, इसके साथ ही प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। होटल एसोसिएशन ने किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए कुछ प्रतिबंध लगाए हैं।

होटल एसोसिएशन ने अब ग्राहकों को चार बड़े पैग देकर शराब न पीने की अपील करने का फैसला किया है. इससे पार्टी करने के बाद घर वापस जाते समय किसी भी गड़बड़ी या दुर्घटना से बचने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही एसोसिएशन ने शराब परोसते समय ग्राहकों की उम्र की पुष्टि के लिए पहचान पत्र की जांच करने का भी निर्देश दिया है. होटल एसोसिएशन शराब पीने वालों के लिए ड्राइवर नियुक्त करने की भी योजना बना रहा है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के सचिव प्रदीप शेट्टी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी सदस्यों को 31 दिसंबर को पार्टी के फैसले की जानकारी दे दी गई है. सभी फैसले ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं. होटल मालिकों को निर्देश दिया गया है कि चार पैग पीने के बाद अगर ग्राहकों को नशा हो तो उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था करें।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको कोई शारीरिक समस्या होने की संभावना है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है,

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका बिजनेस में आप कुछ नई योजनाओं को भी शामिल कर सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके मान-सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। व्यवसाय में भी आप परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए किसी दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में पड़े, तो आपको बेवजह टेंशन रहेगी,

तुला -आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी जन्मदिन व नामकरण आदि का मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

धनु -आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काफी बिगड़े काम बनेंगे,

मकर- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहे, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा।

मीन- आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे।

# महाराष्ट्र की तिजोरी भरने के लिए बंटेंगे शराब लाइसेंस

**> एक्साइज विभाग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव**



**मुंबई:** महाराष्ट्र की शराब बिक्री नीति में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक्साइज विभाग ने शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी करने, बीयर की दुकानों में शराब बेचने तथा ऑनलाइन शराब की आपूर्ति की अनुमति से संबंधित प्रस्ताव राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं उत्पाद शुल्क मंत्री अजित पवार को भेजा है। इसका खुलासा होने के बाद से विपक्ष आक्रामक हो गया है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि चुनाव जीतने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रेवड़ियां बांटी थी। इसके परिणामस्वरूप खाली हो चुकी सरकारी तिजोरियों को भरने के लिए सरकार अब शराब बिक्री के नए लाइसेंस बांटने जा रही है। आबकारी मंत्री अजित पवार को भेजे गए प्रस्ताव में एक्साइज विभाग ने दावा किया है कि कारोबारी शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस की मांग लंबे समय से करते रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार ने वर्ष 1972 के बाद से शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए हैं। इस वजह से शराब की अवैध बिक्री के कारोबार को फलने-फूलने का अवसर मिल रहा है। कई जगहों पर शराब की अवैध बिक्री चल रही है। दुकानें बढ़ने से शराबियों की तादाद बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसका खामियाजा परिवारों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए सरकार को आर्थिक और सामाजिक प्रभाव के बीच संतुलन का ध्यान रखना चाहिए।

**मंत्रिमंडल की बैठक में हो सकता है निर्णय**

इससे सरकार को नुकसान हो रहा है और अवैध शराब के कारण कई बार लोगों की जान पर भी खतरा मंडराता रहता है। बताया जा रहा है कि अजित ने एक्साइज विभाग के प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक रुख दर्शाया हैं तथा जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर निर्णय हो सकता है। विरोधियों का शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी करने से राज्य को भारी राजस्व मिलने की उम्मीद है। लेकिन विरोधी इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

## फ्लैट बेचने के नाम पर 70 लाख की ठगी



**मुंबई.** जिले में फ्लैट खरीदने के नाम पर डॉक्टर से 70 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. ठगी करने वालों में एक महिला सहित तीन लोग शामिल हैं. यह घटना रोडपाली इलाके के कलंबोली में हुई, जहां आरोपियों ने डॉक्टर को एक फ्लैट बेचने का प्रपोजल दिया, जो पहले से ही किसी और को बेचा जा चुका था. 48 वर्षीय डॉक्टर को तीन आरोपियों ने रोडपाली क्षेत्र में स्थित फ्लैट दिखाया. डॉक्टर ने आरोपियों की बातों पर भरोसा कर लिया और फ्लैट खरीदने के लिए 70 लाख रुपये दे दिए. पैसे लेने के बाद आरोपियों ने फ्लैट का कब्जा डॉक्टर को नहीं दिया. इसके बाद जब डॉक्टर ने अपने पैसे वापस मांगने की कोशिश की तो आरोपियों ने बहाने से बात टालना शुरू कर दिया. लंबे समय तक फ्लैट न मिलने और पैसे वापस न होने पर डॉक्टर को पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है. डॉक्टर ने इस मामले की शिकायत कलंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई. पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने डॉक्टर को फ्लैट दिखाने के बाद जानबूझकर उसे बेचने का झांसा दिया, जबकि वह फ्लैट पहले ही किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा चुका था. कलंबोली पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है. उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस ने कहा कि फ्लैट से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## सुविचार

जो समय के साथ बदलता है
वो सदैव उन्नति करता है

## संपादकीय

# केंद्र सरकार की नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म

केंद्र सरकार ने आखिर नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त करने की घोषणा कर दी है। इस फैसले ने एक बार फिर उस बहस को तेज कर दिया है, जो करीब डेढ़ दशक पहले नो डिटेंशन पॉलिसी लाने का आधार बनी थी।

मसला राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009 से जुड़ा है, जिसकी धारा 16 में यह प्रावधान किया गया था कि स्कूलों में आठवीं क्लास तक किसी भी बच्चे को किसी परीक्षा में फेल नहीं घोषित किया जाएगा, न ही उसका अगली क्लास में जाना रोका जा सकेगा। इसके पीछे यह सोच थी कि सभी बच्चों के लिए कम से कम आठवीं क्लास तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। यह देखा गया था कि आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े परिवारों के बच्चों में फेल होने की वजह से ड्रॉपआउट बढ़ जाता है। अक्सर पढ़ाई में कमजोर ऐसे बच्चों के बारे में यह धारणा बन जाती है कि यह पढ़ने वाला बच्चा नहीं है। लिहाजा उन्हें दूसरे काम में लगाने का भाव परिवार में भी जोर पकड़ने लगता है और वे पढ़ाई से वंचित कर दिए जाते हैं।

नो डिटेंशन पॉलिसी के पीछे यह सोच भी थी कि बच्चे का सतत मूल्यांकन किया जाए जिससे उसे पास-फेल घोषित करने के बजाय उसकी कमियों का पता लगाकर उनका निदान करने का काम निरंतरता के साथ होता रहे। यह माना गया था कि कच्ची उम्र में बच्चे की पात्रता देखने का खास मतलब नहीं क्योंकि हर बच्चा सीख सकता है। सवाल उसे सिखाने की सही प्रक्रिया ढूंढने और उसे अपनाने का है जो मूलत: शिक्षा तंत्र की जिम्मेदारी है।

समस्या यह हुई कि इस पॉलिसी को लागू किए जाने के बाद फीडबैक पॉजिटिव नहीं आया। यह शिकायत आम थी कि बच्चों और अभिभावकों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी कम होती जा रही है। कई राज्यों की ओर से इस पॉलिसी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग होने लगी। इन्हीं वजहों से 2019 में केंद्र सरकार ने आरटीई कानून में संशोधन किया, जिससे संबंधित सरकारों को इसे जारी रखने या छोड़ देने का विकल्प मिला। और, अब केंद्र सरकार ने भी इसे छोड़ने का विकल्प चुना। गौर करने की बात यह है कि अभी भी पचास फीसदी राज्यों में नो डिटेंशन पॉलिसी लागू है और तमिलनाडु ने तो केंद्र के फैसले के बाद भी खुलकर कहा है कि वह इस पॉलिसी को जारी रखेगा। ऐसे में इस पॉलिसी के गुण-दोष परखने का मौका आगे भी मिलता रहेगा। साथ ही, इस सवाल पर विचार करने की गुंजाइश भी बनी रहेगी कि क्या इस पॉलिसी के खिलाफ मिला फीडबैक हमारे शिक्षा तंत्र की कमियों की उपज है और क्या इस पॉलिसी को छोड़ने में सचमुच जल्दबाजी हुई है?

# इस्लाम ने यात्रियों के बताए हैं अमूल्य अधिकार

## > मुस्लिम समुदाय यात्री को ईश्वर-अल्लाह का मेहमान समझे

**डॉ. एम. ए. रशीद, नागपुर**



इस्लाम ने मुस्लिम समुदाय को लोक (धरती) के भलाई वाले जीवन पर परलोक में उसके बदले जन्नत का वादा किया है । उसका मुख्य उद्देश्य यही है कि हम उन आदेशों पर ठीक तरह से अमल करें कि जिनसे अल्लाह और हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की रज़ा प्राप्त हो सके ।

पवित्र क़ुरआन में जिस तरह से अल्लाह ने धरती वासियों को मनुष्य की हर ज़रूरत का ख़्याल रखने के लिए हिदायत दी है, इस संबंध में किसी को भी यह आश्चर्य नहीं होना चाहिए है कि उनका मालिक हर अपमान और अपराध की भावना की कितनी परवाह करता है , ताकि कोई बंदा या उपासक किसी भी तरह से दोषी करार न दिया जा सके। चूंकि मालिक की दया उसके क्रोध पर प्रबल होती है, यही कारण है कि वह हमारे साथ अपने क्रोध से नहीं बल्कि अपनी दया से व्यवहार करता है। पवित्र क़ुरआन ने बार-बार इस ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है। पवित्र क़ुरआन की सूरह अन्निसा की 36 वीं पंक्ति में अल्लाह ईश्वर का फ़रमान है कि "तथा अल्लाह की इबादत (वंदना) करो, किसी चीज़ को उसका साझी न बनाओ तथा माता-पिता, समीपवर्तियों, अनाथों, निर्धनों, समीप और दूर के पड़ोसी, यात्रा के साथी, यात्री और अपने दास दासियों के साथ उपकार करो। निःसंदेह अल्लाह उससे प्रेम नहीं करता, जो अभिमानी अहंकारी (अर्थात डींगें मारता तथा इतराता ) हो। इससे मुराद यह है कि अल्लाह की इबादत करो, उसके साथ किसी को साझी न बनाओ, माता-पिता, रिश्तेदारों, अनाथों, ग़रीबों, ज़रूरतमंदों और वंचितों के साथ, अपने निकटतम पड़ोसी के साथ और अपने पराए साथी के साथ अच्छा व्यवहार करो ।

किसी के साथ सफ़र , यात्रा करने वाला चाहे वह परिचित हो या अजनबी, उस पर हमें मेहरबान हो जाना चाहिए, उसके साथ भी जो सड़क पर हो या अपने घर में हो अथवा शहर में या आबादी वाले इलाक़े में क्यों न बैठा हो। इस्लामी आदर्शों में यह भी बताया गया है कि कोई आपके घर के सामने के मार्ग से गुज़र रहा हो या वहां से कोई कारवां गुज़र रहा हो, वे लोग जो अपनी सवारी पर या पैदल जाते आते हैं अर्थात जहां से भी लोग यात्रा करते हैं उन यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए ।इस तरह चाहे हम अनाथों' के बारे में बात करें या रिश्तेदारों के बारे में, पड़ोसियों के बारे में या अजनबियों के बारे में इस्लाम ने हमें इन विभिन्न मौकों पर अलग-अलग तरह से बड़ी अहमियत और विनम्रता के साथ मार्ग निर्देशन किया है। पवित्र क़ुरआन और पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की सुन्नत हमारे दिलों को उन पर चलने की अपील करती है । इसी के मद्देनज़र आज की बातचीत का यही मुख्य विषय है कि हम पर सड़कों पर चलते मुसाफिरों, यात्रियों पर रहम करने का क्या हुक्म है और उनके साथ हमारा रवैया कैसा होना चाहिए?यह ध्यान देने योग्य बात है कि जब कोई व्यक्ति यात्रा पर होता है तो वह अपने परिवार और अपनी मातृभूमि से दूर होता है, उसका कोई जानने वाला नहीं होता, उसका दुःख बांटने वाला कोई नहीं होता और यदि वह रोता है, तो उसके आंसू पोंछने वाला भी कोई नहीं होता , यदि वह किसी बात से दुखी और चिंतित है तो उसे सांत्वना देने वाला कोई नहीं होता ।



हर एक अवसर पर दयालुता की बात अवश्य होनी चाहिए कि भले ही हम एक-दूसरे को जानते हों या नहीं। हमारा कर्तव्य बनना चाहिए कि हम मुसाफ़िर यात्री को ईश्वर अल्लाह का मेहमान समझें ,उससे प्रेम करें और उस पर उपकार करें। इसलिए यात्री की सेवा करना अधिक पुण्य के कार्यों के अंतर्गत आता है क्योंकि वह ईश्वर अल्लाह के भरोसे यात्रा कर रहा होता है और एक दिव्य अतिथि के रूप में पृथ्वी पर चल रहा होता है. पुनः यह बताते हुए कि अपरिचितों और यात्रियों की सेवा को सदा ही पुण्य और सवाब का काम समझा गया है इसे नकारा नहीं जाना चाहिए, उनके लिए सराए बनाई जाना चाहिए और उनके खाने-पीने और आराम व राहत का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। लेकिन अब सेवा की भावना समाप्त होती सी दिखाई दे रही है. बल्कि इन चीज़ों का स्थान बड़े-बड़े भव्य होटलों ने ले लिया है। इन होटलों से न तो हर व्यक्ति के लिए फ़ायदा उठाना आसान है और न ही यात्रियों के सारे मसले हल होते हैं। जो व्यक्ति वतन से दूर और यात्रा की स्थिति में हो उसे अनेक कठिनाइयाँ पेश आ सकती हैं। रुपये-पैसे का न होना, स्वास्थ्य का बिगड़ जाना, निवास एवं भोजन की उचित सुविधा का न होना, कारोबार तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए भाग-दौड़ में कष्टों का सामना करना आदि एक सामान्य-सी बात है। यदि यात्रा विदेश की हो तो व्यक्ति अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के तहत कुछ अन्य प्रकार की परेशानियों में घिर सकता है। इस पहलू से देखा जाए तो आज के युग में यात्री की समस्याएँ पहले से अधिक विस्तृत और जटिल हो गई हैं। इस्लाम पूरे समाज की यह ज़िम्मेदारी ठहराता है कि वह ऐसे तमाम अवसरों पर यात्री के साथ अच्छे से अच्छा व्यवहार करे, ताकि वह अपने को अपरिचित महसूस न करे और जिस उद्देश्य के लिए उसने घरबार और वतन छोड़ा था वह यात्रा के कष्टों के कारण पूरा होने से न रह जाए। जो लोग सेवा और अच्छे व्यवहार के अधिकारी हैं उनमें गुलामों और अधीन लोगों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। अल्लाह का फ़रमान (आदेश) है कि "और उन गुलामों के साथ अच्छा व्यवहार हो। (पवित्र कुरआन, 4:36)पवित्र क़ुरआन अवतरित होने के शताब्दियों पहले से गुलामी की प्रथा थी। गुलामों के साथ पशुओं से भी बुरा व्यवहार किया जाता था और उनके कोई अधिकार नहीं थे , पवित्र क़ुरआन गुलामी को समाप्त करना चाहता है, इस विषय में उसने जो प्रयास किए हैं यहा उनपर वार्ता करने का अवसर नहीं है, बल्कि इतना ज़रूर कहना है कि उसने इस बारे में प्रथम प्रयास यह किया कि उसने गुलामों, आश्रितों और अधीनों के अधिकार भी निश्चित किए हैं और उनके साथ अच्छे व्यवहार की ताकीद की है। इस विषय से सम्बन्धित बहुत-सी हदीसों में से यहाँ केवल एक हदीस प्रस्तुत की जा रही है।हज़रत अबू ज़र रजि. की रिवायत है कि अल्लाह के रसूल मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि "ये गुलाम तुम्हारे भाई हैं, जो ख़ुद खाओ वही इनको खिलाओ और जो खुद पहनो वही इनको पहनाओ। इनकी शक्ति व सामर्थ्य से अधिक इनसे काम न लो। यदि इनपर शक्ति से अधिक बोझ डालो तो उसके उठाने में इनकी सहायता करो । (बुख़ारी, मुस्लिम) गुलामों और आश्रितों के प्रति अच्छे व्यवहार का आदेश देने के बाद अन्त में आदेश दिया गया कि "निस्संदेह अल्लाह किसी ऐसे व्यक्ति को पसन्द नहीं करता जो घमंडी है और डींगें मारता है।" ( पवित्र कुरआन, 4:36) इस पंक्ति में 'मुखताल' और 'फ़ख़ूर' दो शब्द आए हैं। यद्यपि ये दोनों शब्द समानार्थी हैं, परन्तु फिर भी इनमें थोड़ा-सा अन्तर है। 'मुखताल' वह व्यक्ति है जिसके कामों से घमंड का प्रदर्शन हो। 'फ़ख़ूर' उस व्यक्ति को कहा जाता है जो शेखी बधारता और अपनी बड़ाई बयान करता फिरे और डींग मारे। तात्पर्य यह कि अल्लाह तआला उस व्यक्ति को बहुत नापसन्द करता है जिसकी कथनी और करनी से घमंड और अभिमान प्रकट होता हो । घमंड इन्सान को अल्लाह की इबादत और बन्दों की सेवा, दोनों ही से रोकता है।

## वास्तुशास्त्र

# शमी का पौधा दूर करेगा जीवन की अड़चनें

हिंदू धर्म में शमी के पौधे को बहुत ही शुभ एवं पवित्र माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के घरों में ये पौधा होता है वहां हमेशा शनिदेव और भगवान शिव की कृपा होती है। शमी का पौधा अत्यंत चमत्कारी और पूजनीय माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार, इस पौधे से जुड़े कुछ विशेष उपाय और टोटके आजमाकर आप अपने घर में सुख-समृद्धि भी ला सकती हैं। आइए जानते है इन उपाय और टोटके के बारे में-

ज्योतिषियों के अनुसार, जिन राशियों पर शनि की साढ़ेसाती चल रही है उन जातकों को रोजाना शमी के पेड़ की सेवा करनी चाहिए। सुबह रोजाना शमी के पौधे में जल चढ़ाएं और शाम को दीपक जलाएं। इसके अलावा शनिवार के दिन शमी के पौधे के सबसे निचले भाग में उड़द की काली दाल और काले तिल चढ़ाएं। इससे अगर आपके ऊपर शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो उसका दुष्प्रभाव कम होगा।

यदि बेटी का विवाह बार-बार किसी वजह से टल जाता है और आप इन बाधाओं को दूर करना चाहती हैं तो किसी शनिवार से शुरू करके 45 दिनों तक शमी के पौधे के पास गाय के घी का दीपक रोजाना शाम को जलाएं। जल्द ही विवाह में आ रही बाधाएं दूर हो जाएंगी और बेटी को सुयोग्य वर मिलेगा।

**जल्द नौकरी के लिए शमी के उपाय**

कई बार आपकी ज्यादा मेहनत के बाद भी नौकरी मिलने में परेशानी होती है और वेवजह धन का व्यय होने लगता है। ऐसे में आप बुधवार के दिन शमी के 7 पत्ते बुधवार के दिन गणपति को चढ़ाएं। इस उपाय से जल्द ही नौकरी के योग बनेंगे।

**वास्तुदोष को दूर के लिए शमी के उपाय**

यदि आप शमी के पौधे (शमी के पौधे की पूजा के नियम) की रोजाना पूजा करती हैं और उसमें जल चढ़ाते हैं, तो आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होगी। धन लाभ के लिए उपाय के तौर पर शमी के पौधे की जड़ में एक सुपारी और एक रुपये का सिक्का दबा दें। इसके साथ घर में ये पौधा लगाने के बाद उसमें थोड़ा गंगाजल भी डालें।

## धर्म

**- आयुषी त्यागी**

# क्या वास्तव में ईश्वर है

किसी आस्तिक से ईश्वर के बारे में तर्क-वितर्क करिए तो वह फौरन कहेगा, ईश्वर तो तर्क से परे है। ईश्वर, खुदा या गॉड के संदर्भ में सदियों से धार्मिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक भिन्न-भिन्न मत रखते हुए आ रहे हैं. आस्तिक जन कहते हैं, चूंकि इस सृष्टि को बनाने वाला कोई न कोई तो होना ही चाहिए, इसलिए ईश्वर है। इस पर नास्तिक लोग प्रश्न उठा देते हैं, फिर ईश्वर को बनाने वाला भी कोई अवश्य होना चाहिए। गालिब ने कहा है, 'यूं तो मालूम है, जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के बहलाने को ग़ालिब यह ख्याल अच्छा है।'

जहां तक हमारी बुद्धि काम करती है, हम किसी घटना के कारणों को मालूम कर लेते हैं, उसी के आगे ईश्वर की माया शुरु हो जाती है। संसार में होने वाले समस्त कार्य ईश्वर की मर्जी से सम्पन्न होते हैं। दुनिया भर में असंख्य लोग आंख बंद करके जिस पर विश्वास करते हैं, वह है ईश्वर। आज तक ईश्वर को किसी ने नहीं देखा है, केवल उसके स्वरूप की अनेक कल्पनाऐं की गई हैं। ईश्वरीय सत्ता पर मानव के अगाध विश्वास का आधार है, ईश्वर की अपार शक्ति जिसके माध्यम से सब कुछ सम्भव है। तुलसीदास जी ने लिखा है,

**तात राम नहिं नर भूपाला।**
**भुवनेस्वर कालहु कर काला।।**
**ब्रह्म अनामय अज भगवंता।**
**ब्यापक अजित अनादि अनंता।।**

हे तात! राम मनुष्यों के ही राजा नहीं हैं। वे समस्त लोकों के स्वामी और काल के भी काल हैं। वे (संपूर्ण ऐश्वर्य, यश, श्री, धर्म, वैराग्य एवं ज्ञान के भंडार) भगवान हैं, वे निरामय (विकाररहित), अजन्मे, व्यापक, अजेय, अनादि और अनंत ब्रह्म हैं। आत्मा का अस्तित्व है, तो परमात्मा भी निश्चित है - आत्मा और परमात्मा को समझाने के लिए अक्सर लोग दोनों की तुलना लोटे के जल और समुद्र के जल से करते हैं। लोटे और समुद्र के जल में मात्रा का चाहें जो भी फर्क हो, पर तत्व की दृष्टि से दोनों एक ही हैं। दोनों में हाइड्रोजन और ऑक्सीन के एक निश्चित अनुपात में मिश्रण है, इसलिए दोनों के गुण-धर्म भी एक हैं। शास्त्रों में मृत्यु के बाद आत्मा द्वारा ही नया शरीर धारण करने का उल्लेख किया गया है। आत्मा नया शरीर धारण करती है, तो इसका मतलब कि आत्मा का अस्तित्व है, और जब आत्मा का अस्तित्व है, तो परमात्मा भी निश्चित है।

## कहानी

**-रवि श्रीवास्तव**

# फुल्की का स्वंयवर

अरे आज ये बस को क्या हो गया है ? कितनी देर से इंतजार कर रहे हैं? समय पर पहुंचना बहुत जरूरी है। किसी और के पहुंचने से पहले हमें वहां होना चाहिए। बड़े उत्साहित लग रहे हो कल्लू। और नहीं तो क्या ? आख़िर फुल्की का स्वंयवर है। पता नहीं कितने प्रतिभागी आए होगें ? मुझे भी अपना भाग्य आज़माना है। शहर में काम को लेकर भागदौड़ से समय का पता ही नहीं चला। कब सूरज ढल गया ? और रात हो गई। घर जा रहा था तो रास्ते में काफी अंधेरा था। मुझे डर लगने लगा था। मैं आगे बढ़ता जा रहा था । ऊपर वाले का नाम लेकर । तभी अचानक झाड़ी की तरफ से धीरे धीरे कुछ आवाज़ आ रही थी। जैसे कोई रो रहा हो। डरपोक तो मै नम्बर 1 का हूं। रात में सबसे ज्यादा भूत से डरता हूं। आज तक कभी देखा नहीं,पर लोगों से सुना बहुत है। जब कभी रात में पैदल गुजरता था। तो हनुमान चालीसा पढ़ते रहता था। आज भी मैं उस आवाज़ को सुनकर हनुमान चालीसा पढ़ने लगा।

ठण्ड थी लेकिन मैं वो आवाज़ सुनकर बुरी तरह से काँप रहा था। जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था आवाज़ तेज़ होने लगी थी। हे भगवान आज बचा लो, सुबह होते ही बताशा चढ़ा दूंगा। मुझे शहर में मामा के यहां ही रूक जाना था। रात में इधर से नहीं आना चाहिए था। चले थे बड़े बहादुर बनने, अब हवा खिसक गई न। घबराहट में मेरे पैर कहां पड़ रहे थे पता नहीं चल रहा था। धीरे-धीरे मैं उस झाड़ी के पास पहुंच गया। जहां से आवाज़ आ रही थी। हिम्मत नहीं हो रही थी। उस तरफ मुंह करले। जल्दी से उस झाड़ी को पार भी कर लिया। 10 -20 कदम आगे ही बढ़ा था। इस बार बहुत तेज की आवाज़ थी। ऐसा लगा कि बहुत तेज दर्द से कोई कराहा हो।

मैं मुड़कर उस झाड़ी को देखना चाहता था। लेकिन डर से जकड़ भी गया था। जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस त्रिहु लोक उगाजर। तेज तेज चिल्लाने लगा। और झाड़ी की ओर बढ़ने लगा। काली रात के अंधेरे में कुछ दिख नहीं रहा था। सुनसान रास्ते में झींगुरों की आवाज़ आ रही थी। ऐसा लग रहा था कि जैसे कि आज इनकी बारात निकली है । और डीजे पर गाना बज रहा हो। सभी झींगुर पउवा लगाकर जोर-जोर से गा रहे हैं। जैसे कैसे उस जगह पहुंच गया था, पर उस तरफ देखने की हिम्मत नहीं हो रही थी। ऐसा लग रहा था कि आज हनुमान चालीसा से भूत नहीं डर रहा है। किसी तरह से हिम्मत कर देखा। मुझे कुछ कपड़े में निपटा हुआ दिखा। अंधेरा था इसलिए ठीक से देख नहीं सका। पर इतना तो पता चल ही गया था कि आवाज़ यहीं से आ रही थी। कुछ नहीं सूझ रहा था तो मोबाइल निकाला, और तो किस्मत देखो आ ही इसकी बैटरी खत्म होनी थी। फिर से इक बार चालू हो गया लेकिन तुरंत बंद हो गया। बस उतनी रोशनी ही काफी थी, देखने के लिए। देखा कपड़े में लिपटा एक मासूम सा चेहरा था। जो ठण्ड और दर्द और दोनों से कराह रहा था। मुझे अपने आप पर बड़ी हंसी आई। अरे मैं तो बहुत बड़ा फट्टू निकला। इस मासूम से डर रहा था। और कोस भगवान को रहा था। जब भूत हो तभी तो हनुमान चालीसा से भागे। उस मासूम से चेहरे को किसी ने झाड़ी में फेंक दिया होगा। ऐसा लग रहा था। मैने भी सोचा मुझे क्या पड़ी है?

चलो यहां से। जैसे ही आगे बढ़ा । उस मासूम की की चिल्लाने की आवाज़ ने मेरे पैर वापस खींच दिए। कटीली झाड़ियों से उसे निकालने लगा। छोटी-छोटी सी आँखें, मासूम सा चेहरा जैसे मुझसे कह रहा हो, मुझे भी यहां डर लग रहा है, अपने साथ ले चलो। मेरे हाथ का सहारा पाकर झट से सीने से चिपक गई। थोड़ी देर के लिए मैं सोचने लगा, क्या करू ? इसको लेकर चले या रहने दे। दिल कह रहा ले चलो. दिमाग कह रहा अरे यार फर्जी का टेंशन है।

दिल दिमाग के बीच में मैं फंस गया। फिर हनुमान जी का नाम लिया, और उस मासूम की तरफ देखा, मेरी गोदी में रहकर वो खुश हो रही थी जैसे। उसने अपनी पलकों को बंद कर ऐसे खोला। जैसे कि वो मुझसे कह रही हो, मैं इस सुनसान जगह पर अकेली हूं। मुझपर दया करो। मुझे यहां किसी अपने ने छोड़ दिया है। मुझे भी ले चलो अपने साथ। मैने उसका चेहरा देखा । और अपने साथ लेकर चल दिया।

## आलेख

**अरविंद कुमार**

# शब्द और भाषा

कहते हैं कि बृहस्पति जैसा गुरु पा कर भी देवराज इंद्र हज़ारों वर्ष तक शब्द की थाह नहीं पा सके. फिर कहाँ देवों के गुरु बृहस्पति और कहाँ मैं. निपट अज्ञानी. मुझ जैसे लोगों के ज्ञान को संस्कृत में चंचु प्रवेश कहा जाता है. इधर उधर चोंच घुसा कर जो पाया, उसी को ज्ञान समझ लेना. जो कुछ भी मैं ने पिछले साठ बरसों में शब्दों के संसार में प्रवेश करने के बाद इधर उधर चोंच मार कर, पढ़ कर, काम कर के सीखा है, वही अपने शब्दों में लिखने की आधी अधूरी कोशिश कर रहा हूँ. शब्द भाषा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण और अपरिहार्य कड़ी है. हमारे संदर्भ में शब्द का केवल एक अर्थ है. एकल, स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि. वह ध्वनि जो एक से दूसरे तक मनोभाव पहुँचाती है. संसार की सभी संस्कृतियों में इस सार्थक ध्वनि को भारी महत्व दिया गया है. संस्कृत ने शब्द को ब्रह्म का दर्जा दिया था. शब्द जो स्वयं ईश्वर के बराबर है, जो फैलता है, विश्व को व्याप लेता है. ग्रीक और लैटिन सभ्यताओं में शब्द की, लोगोस लोगोस की, महिमा का गुणगान विस्तार से है. ईसाइयत में शब्द या लोगोस को कारयित्री प्रतिभा माना गया है. कहा गया है कि यह ईसा मसीह में परिलक्षित ईश्वर की रचनात्मकता ही है. कारण यह कि भाषा आज के मानव, हम मनु मानवों या होमो सैपिएंस, के मन मस्तिष्क का, यहाँ तक कि अस्तित्व का, अंतरंग अंग है. भाषा सीखने की क्षमता, भाषा के द्वारा कुछ कहने की शक्ति. इस शक्ति के उदय ने ही मानव को संगठन की सहज सुलभ क्षमता प्रदान की और आदमी को प्रकृति पर राज्य कर पाने में सक्षम बनाया. इसी के दम पर सारा ज्ञान और विज्ञान पनपा है. शब्दों और वाक्यों से बनी भाषा के बिना समाज का व्यापार नहीं चल सकता. आदमी अनपढ़ हो, विद्वान हो, वक्ता हो, लेखक हो, बच्चा हो, बूढ़ा हो... कुछ कहना है तो उसे शब्द चाहिए, भाषा चाहिए. वह बड़बड़ाता भी है तो शब्दों में, भाषा में. गूँगे लोग अपंग माने जाते हैं. धरती के बाहर अगर कभी कोई बुद्धियुक्त जीव जाति पाई गई, तो मुझे पूरा विश्वास है कि उस में संप्रेषण का रूप कोई भी हो, उस के मूल में किसी न किसी प्रकार की व्याकृता भाषा ज़रूर होगी.

## लघुकथा

# गांधीवाद की रिहर्सल

नेताजी एक बार नहीं, तीन-तीन बार अखबार के सारे पन्ने पलट गये। उनका नाम और तस्वीर कहीं नहीं! सबकुछ तो ठीक-ठाक हुआ था- लाईट.कैमरा. एक्शन। पी.ए. ने पूरा इंतजाम कर रखा था- पथिया भर सूखे पत्ते, बाँस के लंबे डंडे लगी झाड़ू, कूड़ापात्र आदि-आदि। सब बेकार! मेहनत पर पानी फिर गया! जब तस्वीर 'गांधी जयंती' के अवसर पर छपी ही नहीं तो..! उन्होंने गुस्से से लाल होकर अखबार के संपादक को फोन लगाया- "हम पूछते हैं कि तुम्हें अखबार चलाना है कि बंद करना हैं? सारी संपादकगिरी घुसेड़ देंगे।

"सर, सर गुस्सा न कीजिए, हम मोटे हेडलाइन के साथ आपके समाचार को कल के अखबार में छाप रहे हैं। कल शहर में एक बड़ी घटना घट गयी, इसलिए स्पेस नहीं मिल सका।"



लेकिन आज 'गांधी जयंती'कोई बात नहीं सर, कल गाँव से लेकर शहर तक देखेगा कि हमारे नेताजी सफाई के प्रति कितने सजग हैं।" संपादक ने उनके मुँह की बात छीन ली।

उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अगले दिन के अखबार में झाड़ू लगाते हुए नेताजी की बड़ी तस्वीर छपी। हेडलाइन था- "स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत ही हमारा लक्ष्य"नेताजी इस समाचार को बार-बार पढ़ रहे थे और अपने चमचे को भी दिखा रहे थे,पर किसी की नजर नीचे छपे समाचार पर अबतक नहीं गई, जिसका हेडलाइन था- "गंदगी से शहर में फैली महामारी,11 मरे ,27 की हालत गंभीर"!

## आलेख

**डॉ. दीपक आचार्य**

# बुरे लोगों को न मानें रोल मॉडल

जबसे इंसान अपने मौलिक लक्षणों और इंसानियत के गुणधर्म से बेखबर होने लगा है तब से वह अनुकरण और अंधानुकरण को अपनाने लगा है। आदर्शों और सिद्धान्तों से बेपटरी हुए सारे के सारे लोग यही तो कर रहे हैं। जो लोग जीवन मूल्यों और शाश्वत मर्यादाओं से अनभिज्ञ हैं उन्हें पता ही नहीं है कि वे पैदा क्यों हुए हैं, और उनके जीवन का लक्ष्य क्या है। अधिकांश की जिन्दगी ऐशा-आराम करना और पैसे की नॉन स्टॉप मशीन से अधिक कुछ नहीं है। जहाँ न बचपन का आनंद है, न प्रौढ़ावस्था और बुजुर्गियत का। आदमी मशीन की तरह आने और जाने लगे हैं। कोई कबाड़ जमा कर जाता है, कोई भोग-विलास के उन्मुक्त पोखरों में नहाता हुआ।

हम जिसे ज्ञान और अनुभव कह रहे हैं वे गलियारों से ज्यादा कुछ नहीं। हमारे सर्वांग व्यक्तित्व विकास के सभी पक्षों का नीर-क्षीर मूल्यांकन किया जाए तो यही सामने आएगा कि हम किसी एक या दो विषयों के बारे में ही कुछ-कुछ जानकारी रखते हैं और वह भी इतनी कि इसका इस्तेमाल कर हम अपनी झोली भरने लायक जुगाड़ कर सकें। भारतीय जीवन मूल्यों और लोक व्यवहार की परंपरा के अनुरूप जीवन निर्माण अपना भी कल्याण करता है और सृष्टि के लिए भी कल्याणकारी सिद्ध होता है। जीवन केवल अपने ही लिए नहीं, जगत भर के लिए है। जो इस भावना से काम करता है उसका जीवन परोपकारी और पुण्यदायी हो जाता है । फिर ऐसे इंसान के लिए पूरा जगत अपना होता है। जो लोग अपने आप में सिमटे हुए हैं, जो पुरुषार्थहीन और अनैतिक हैं, हराम की कमाई और खान-पान से अपने शरीर को बना रहे लोगों की आयु, धन-सम्पत्ति, प्रभाव और लोकप्रियता चाहे कितनी अधिक हो जाए, कितने ही पूजे जाने लगें लेकिन इन लोगों के भीतर से आत्म तत्व का क्षरण हो जाता है और व्यक्तित्व कलंकित होने लगता है। आम तौर पर लोग पूंजीपतियों और प्रभावशालियों को ही सफल मानते हैं लेकिन इसके पीछे कि असलियत उन्हें पता नहीं होती इसलिए बाहरी चमक-दमक को ही आदर्श मानकर उनका अंधानुकरण करना शुरू कर देते हैं।

फिर समाज की स्थिति बड़ी विचित्र हो गई है। जो दुष्ट, नालायक और राक्षसी लोग हैं उनके प्रभाव में आकर दूसरे लोग भी उन्हें अपना रोल मॉडल समझने लगते हैं, उनके आगे-पीछे घूमने लगते हैं, उनकी हर गतिविधि का अनुकरण करना शुरू कर देते हैं। इन लोगों की संख्या बढ़ने की वजह से श्रेष्ठीजन अब चुप रह जाते हैं अन्यथा कुछ दशक पहले तक बुरे को बुरा कहने का साहस लोगों में था जिस कारण से सभी को यह पता रहता था कि क्या बुरा है और क्या अच्छा है।

जीवन में भोग-विलास, संसाधन और दौलत पा लेना सफलता का लक्षण नहीं है, न इसे लक्ष्मी की प्रसन्नता ही माना जा सकता है। ऐश्वर्य का संबंध आनंद से है जिसमें जो वस्तु अपने पास है उसका अनिर्वचनीय आनंद प्राप्त हो, मन मे प्रसन्नता रहे, उद्विग्नता, असन्तोष और हड़बड़ी का नामोनिशान न रहे, चित्त में परम प्रसन्नता का भाव हो,मस्तिष्क शांत हो, शरीर स्वस्थ और मस्त हो, तथा अपने पास आने वाले हर इंसान को आनंद का अनुभव हो, तभी माना जा सकता है कि एक इंसान के रूप में हम सफल हैं।

हमारे आस-पास से लेकर दुनिया भर में बहुत से लोग हैं जिनके पास अनाप-शनाप पैसा है, सारे भोग-विलासी उपकरण और आनंद देने वाले कारक मौजूद हैं, पद-प्रतिष्ठा, लोकप्रियता और सब कुछ है मगर इनके चेहरों पर प्रसन्नता नहीं है, शक्ल और सूरत मलीन है, मन काले हैं और मस्तिष्क में खुराफातों के जाने कितने महासागर रोजाना ज्वार-भाटा करते रहते हैं। इस हालत में वह सब नाकारा और व्यर्थ है जिसके बल पर हम अपने आपको अहंकार के गुब्बारों के साथ फूले नहीं समा रहे हैं।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सांस या सांस की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सांस जड़ से हो की इस बीमारी में

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स


डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D


डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC


डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,


डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D


डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## जम्मू-कश्मीर सड़क हादसे में मराठा बटालियन जवान शहीद

**वरोरा.**



जम्मु कश्मीर पुंछ जिले में मंगलवार की शाम भारतीय लष्कर का वाहन घाटी में गिरने से 5 जवान शहिद हुए. इस हादसे में वरोरा तहसील के पिंपलगांव मारोती गांव के अक्षय दिगंबर निखुरे नामक जवान शहिद हुए है. वाहन में कुल 18 जवान मौजूद थे. पिंपलगांव मारोती इस छोटे से गांव के निखुरे परिवार से अक्षय के साथ उसका भाई भी सेना में भर्ती हुआ है. पिंपलगांव में मृतक जवान के पिता को छुट्टी पर वर्धा में स्वगांव आए जवानों ने घर आकर यह जानकारी दी.

मृतक जवान का नाम अक्षय दिगंबर निखुरे है यह बीए अंतिम वर्ष में शिक्षा ग्रहण करते समय उनका भारतीय सेना में आयु के 21 वर्ष में अर्थात 2018 में चयन हुआ. उनके पिता किसान है. पिता एवं मां दोनो घर की चार एकड खेती करते है. अक्षय की शहिद होने की घटना से परिसर में शोक है. निखुरे परिवार की घर की स्थिति अत्यंक दयनिय है. मृतक जवान पर गुरूवार 26 जनवरी को स्वगांव में शासकिय तरिके से अंतिम संस्कार किया जायेगा. दौरान बुधवार को पिंपलगांव के श्मशान को स्वच्छ कर गांव के मुख्य मार्ग को साफ किया गया.

## अविष्यंत पांडा ने गढ़चिरोली के कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया

> टीम भावना से काम करने का किया आह्वान



**गढ़चिरोली:** अविष्यंत पांडा ने आज कलेक्टर संजय दैने से गढ़चिरौली जिले के नए कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला। श्री दैने ने उनका स्वागत किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर विवेक घोडके, जिला परिषद के प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र भुयार, रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर सुनील सूर्यवंशी, जिला आपूर्ति अधिकारी प्रकाश पाटिल, डिप्टी कलेक्टर (भूमि अधिग्रहण) और अन्य विभागों के प्रमुखों ने भी श्री पांडा का स्वागत किया। इस मौके पर कलेक्टर पंडा ने विभाग प्रमुखों को जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये. गढ़चिरौली जिले में विकास कार्यों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से टीम भावना से काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि लंबित मामलों को निपटाने और भविष्य की योजना बनाने के लिए अवसर का उपयोग करना जरूरी है।

अविश्यंत पांडा 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और पहले नंदुरबार में एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना कार्यालय के परियोजना अधिकारी, अमरावती जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागपुर में कपड़ा आयुक्त के रूप में काम कर चुके हैं। पूर्व कलेक्टर संजय दैने का तबादला नागपुर में टेक्सटाइल कमिश्नर के पद पर किया गया है।

## अवैध ओयो रूम्स पर नगर निगम एक्शन मोड में

> विधायक जोरग़ेवार के निर्देश के बाद ओयो संचालकों को नोटिस

**चंद्रपुर.**

विधायक किशोर जोरग़ेवार ने नागरिकों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त को शहर में अवैध ओयो रूम और होटलों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इसके बाद नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में है और शहर में अवैध ओयो रूम्स को नोटिस जारी किया गया है. इसलिए, अवैध ओयो संचालक घबरा गए हैं।

चंद्रपुर में अवैध ओयो रूम्स होटल बड़े पैमाने पर हैं। खासकर चंद्रपुर शहर के बंगाली कैंप , अष्टभुजा वार्ड , बल्लारशा बायपास रोड , बाबूपेठ में बड़ी संख्या में ओयो रूम और होटल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं. इन ओयो रूम्स और होटलों में होने वाली कई गड़बड़ियों के बारे में स्थानीय लोगों से कई शिकायतें मिल रही हैं । इसके अलावा, कई ओयो रूम , होटल बिना अनुमति के नजूल या अन्य सरकारी भूमि पर बनाए गए हैं। इसके अलावा , होटल शुरू करने के लिए आवश्यक आवास और बोर्डिंग लाइसेंस स्थानीय प्रशासन से प्राप्त किया जाना चाहिए। लेकिन चंद्रपुर शहर में लगभग 90% ओयो रूम उक्त लाइसेंस प्राप्त किए बिना चल रहे हैं। इससे सरकार का राजस्व गिर रहा है.

प्रचलित नियम के अनुसार, होटलों में 24 घंटे आरक्षण होता है , लेकिन ओयो रूम्स में घंटे के हिसाब से कमरे किराए पर दिए जाते हैं। इस वजह से शिकायतें मिलती रहती हैं कि यहां काफी अनुचित व्यवहार होता है. ये होटल अनेक अनाचार, अपराध तथा सामाजिक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। जब स्थानीय नागरिकों द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से विधायक किशोर जोरगेवार को कई शिकायतें भेजी गईं, तो विधायक किशोर जोरगेवार ने इस पर तुरंत संज्ञान लिया और नगर निगम आयुक्त विपिन पालीवाल को अवैध ओयो रूम और होटलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तदनुसार, नगर निगम प्रशासन की ओर से ऐसे ओयो संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें निर्माण परमिट और व्यवसाय पंजीकरण प्रमाणपत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है।

# 2036 ओलंपिक में चंद्रपुर के 'टाइगर' नाम रोशन करेंगे: सुधीर मुनगंटीवार

> विदर्भ स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शानदार उद्घाटन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

यदि प्रयासों को निरंतरता के साथ जोड़ दिया जाए, तो अकल्पनीय हासिल किया जा सकता है। मेरे चंद्रपुर-गढ़चिरौली जिले में खेलने वाले युवक-युवतियों की एक बड़ी फौज है। मैं उन्हें प्रचुर सुविधाएं, उच्च गुणवत्ता वाले स्टेडियम प्रदान करूंगा। मैं 2036 के ओलंपिक खेलों में चंद्रपुर और गढ़चिरौली के बाघों को देखना चाहता हूं, ऐसी भावनाएं सुधीर मुनगंटीवार ने व्यक्त की. चंद्रपुर में आयोजित विदर्भ बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक सुधीर मुनगंटीवार के हाथों किया गया।

चंद्रपुर जिला बैडमिंटन विकास संघ और जी.एच. रायसोनी मेमोरियल के सहयोग से विदर्भ स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. संस्था के अध्यक्ष गिरीश चांडक, उपविभागीय अधिकारी संजय पवार, जिला खेल अधिकारी अविनाश पुंड, राकांपा जिला अध्यक्ष राजीव कक्कड़, मनोज सिंघवी, लक्ष्मीकांत आरके, संस्था के सचिव जॉवेल चांदेकर, विश्वास देशपांडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

इस मौके पर उन्होंने अपने भाषण के जरिए युवाओं का हौसला



बढ़ाया. विधायक मुनगंटीवार ने कहा कि, 'चंद्रपुर के चैंपियन बनना चाहिए. जीवन में सफलताएँ और असफलताएँ, जय और पराजय आती रहती हैं, लेकिन सच्चा प्रतिस्पर्धी वही है जो हार के बाद भी जीतने की कोशिश नहीं छोड़ता। मुझे विश्वास है कि आप सभी विदर्भ परंपरा के अनुसार बैडमिंटन का अच्छा खेल खेलेंगे।' जब भारत जैसे शक्तिशाली देश के नाम पर ओलंपिक के लिए विचार किया जाता है तो यह अफसोसजनक है। अमेरिका ने 1900 से 2020 तक 120 वर्षों में 2520 पदक जीते और रूस ने 1222 पदक जीते। तब तक हम सिर्फ 28 मेडल ही जीत सके थे. पिछले ओलिंपिक पर भी गौर करें तो उसमें सिर्फ सात पदक जुड़े थे. इसलिए अब तक हम 35 पदक तक ही पहुंच सके हैं. इसीलिए, इस निराशाजनक तस्वीर को बदलने के लिए, जब मैं वित्त मंत्री था, तो पिछले बजट में मैंने घोषणा की थी कि हर जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेडियम होने चाहिए। इस बात पर जोर दिया गया कि हर तालुका में एक अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाना चाहिए।

ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक राजवर्धन राठौड़ महज पांच साल की कोशिश में निशानेबाजी में सफल हुए। यही वह सफलता है जिसे आप अर्जित करना चाहते हैं। बाघों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध चंद्रपुर जिले के युवाओं को बाघ की तरह अपना करियर बनाना चाहिए। बता दें कि शक्तिदायिनी माता महाकाली की कृपा आप पर बनी हुई है। मुनगंटीवार ने विद्यार्थियों को बधाई दी. भविष्य में, चंद्रपुर जिले को सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा और एक वर्ष में 4500 लोगों की क्षमता वाला एक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। मुनगंटीवार ने कहा कि, फिल्म में चैंपियन' देखने और उस फिल्म के हीरो से मिलने के बाद मुझे एक बात का एहसास हुआ कि अगर आप लक्ष्य निर्धारित कर लें तो आपकी सफलता को कोई नहीं रोक सकता। इसलिए एक लक्ष्य निर्धारित करें. वह एयर कंडीशनर के लिए सोलर पैनल की व्यवस्था करेंगे और इस बारे में जिलाधिकारी से बात करेंगे. ऐसी जानकारी मुनगंटीवार ने दी.

## तेंदुए का शावक मिला

**सावली.** सावली वन क्षेत्र के कवठी गांव के किसान अनिल घोटेकर के खेत में कपास चुनने वाली महिला मजदूर को तेंदुए का बच्चा दिखाई दिया. यह जानकारी सावली वन क्षेत्र अधिकारी व्ही. सी. धुर्वे को दी गई. सूचना मिलते ही वन अधिकारी और संजीवन पर्यावरण संस्था के सदस्य मौके पर पहुंचे.

घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो वहां बीस से पच्चीस दिन का एक तेंदुए का बच्चा मिला. बच्चे की मां उसे रात में लेकर जायेगी इस हेतु वनक्षेत्र अधिकारी ने उस बच्चे को वही पर रखने की चर्चा संजीवन पर्यावरण संस्था के सदस्यों के साथ कर सुबह तक प्रतिक्षा करने का निर्णय लिया. उस स्थान पर चार कैमरे भी लगाए गए थे.



लेकिन बुधवार 25 दिसम्बर की सुबह जब वन अधिकारियों और संजीवन पर्यावरण संस्था के सदस्यों ने वहां जांच की तो वह बच्चा उसी स्थान पर था और थोड़ा कमजोर लग रहा था. यह जानकारी चंद्रपुर के विभागीय अधिकारी चंद्रपुर के प्रशांत खाडे, सहायक वनसंरक्षक वी.एस. तरसे को दी गई. उनके मार्गदर्शन में डॉ. कुंदन पोडचलवार की सूचना और सहायक वन संरक्षक पी.पी. खेडकर, वनपरिक्षेत्र अधिकारी सावली वी. सी धुर्वे की उपस्थिति में संजीवन पर्यावरण संस्था के अध्यक्ष उमेश सिंह झिरे और सदस्य तन्मय सिंह झिरे ने मादा तेंदुए के बच्चे को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया.

इस पूरे कार्य के दौरान सावली वन परिक्षेत्र के क्षेत्र सहायक आर. जी. कोडापे, पेंढारी के क्षेत्र सहायक मेश्राम, वनरक्षक आर.आर. मुरकुटे, संजीवन पर्यावरण संस्था के सदस्य अंकुश वाणी, सम्यक गणवीर, श्रीकांत बिडिकर, संकल्प गणवीर उपस्थित थे. बच्चे को आगे के उपचार के लिए टीटीसी चंद्रपुर भेजा गया.

## भारी बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजे का इंतजार

> ई-केवाईसी के बाद भी खाते में पैसे नहीं आये

**चंद्रपुर।** अगस्त और सितंबर में भारी बारिश और बाढ़ से खरीफ सीजन की फसलों को भारी नुकसान हुआ. परिणामस्वरूप, किसानों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं. क्षतिग्रस्त फसलों की सूची तैयार की गई. इसके बाद राजस्व विभाग ने मुआवजे के लिए सरकार को सूचियां भेजीं तो किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा और उन्हें ई-केवाईसी करानी पड़ी. हालांकि, कई दिन बीत जाने के बाद भी किसानों में भारी वर्षा सब्सिडी की राशि उनके बैंक खातों में जमा नहीं होने से भारी रोष व्याप्त है.

चंद्रपुर जिले में अगस्त और सितंबर में लगातार दो दिनों तक भारी वर्षा हुई, जिससे नदियां और नाले उफान पर आ गए. इससे किसानों की खरीफ फसलों और घरों को नुकसान पहुंचा. सरकारी अधिकारी, राजनीतिक नेता और जनप्रतिनिधि नुकसान का निरीक्षण करने के लिए किसानों के खेतों पर पहुंचे थे.उन्होंने आश्वासन दिया था कि स्थिति का निरीक्षण करने के बाद किसानों को तत्काल भारी वर्षा अनुदान दिया जाएगा. साथ ही कहा कि तत्काल पंचनामा कराया जाए. तदनुसार, राजस्व विभाग ने भारी बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल सर्वेक्षण कराया तथा प्रभावित क्षेत्रों की रिपोर्ट सरकार को भेजी.

इसके बाद, सब्सिडी के लिए अनुमोदित किसानों की सूची प्रकाशित की गई और किसानों से ई-केवाईसी पूरा करने को कहा गया. किसानों ने बड़ी कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद ई-केवाईसी कराया है. तब से कई दिन बीत चुके हैं, और तालुका के किसान अभी भी सब्सिडी से वंचित हैं। कई किसानों ने केवाईसी करा लिया है। ऐसे किसान भी इंतजार कर रहे हैं. किसानों में सरकार के प्रति तीव्र रोष व्यक्त किया जा रहा है.सरकार के पास व्यापार, उद्योग, सड़क आदि के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि वितरित करने की योजना है, तो किसानों के लिए भारी वर्षा सब्सिडी के लिए यह योजना क्यों लागू नहीं की जा रही है? यह प्रश्न कृषक समुदाय द्वारा पूछा जा रहा है.

## शिक्षा का उद्देश्य अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए: भागवत

> सन्मित्र सैनिक स्कूल में वार्षिकोत्सव

**चंद्रपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत ने कहा कि आजकल हम दो चीजों पर खर्च करने में संकोच नहीं करते. वह है शिक्षा और स्वास्थ्य है. हालाँकि, ये दोनों चीजें बहुत महंगी हो गई हैं. शिक्षा क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है, शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षण को व्रत की तरह देखना होगा. इसके लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए. इसके माध्यम से सभी को शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है. शिक्षा प्राप्त करके व्यक्ति को मनुष्य बनने का लक्ष्य लेकर कार्यशील व्यक्ति बनने का प्रयास करना चाहिए, वे आज बुधवार को स्थानीय सन्मित्र सैनिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे.

चंद्रपुर सन्मित्र मंडल द्वारा संचालित बल्लारपुर तालुका के विसापुर में सन्मित्र सैनिक स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रपुर सन्मित्र मंडल के अध्यक्ष डॉ. परमानंद अंदनकर ने की. इस समय सन्मित्र मंडल के सचिव एडवोकेट




नीलेश चोरे, कमांडर सुरिंदकुमार राणा, प्राचार्य अरुंधती कावडकर उपस्थित थे.

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा, मनुष्य और पशु में अंतर है. जानवरों के पास दिमाग नहीं होता. अपनी भूख मिटाने के लिए वह चारा खाता है. भूख मिटने के बाद वह चारे को वैसे ही छोड़ देता है. हालाँकि, इंसानों के साथ ऐसा नहीं है. उनमें सोचने की क्षमता है. वह दूसरों की भूख के बारे में सोचता है. वह जो अपने लिए जीता है. कोई उसका नाम नहीं लेता. यदि नर कुछ करे तो नारायण बन जाता है. स्वामी विवेकानंद जैसा जीवन जीने वालों का जीवन सार्थक है.उन्होंने यह भी कहा कि भगवान रामचंद्र का आदर्श हमारे सामने है.

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने आगे कहा, यदि किसी व्यक्ति की बुद्धि तेज है, तो वह नर से नारायण बन जाता है। अन्यथा, उसकी नियति में नराधम बनने की नौबत आती है केवल एक संवेदनशील व्यक्ति ही अपनी बुद्धि का उपयोग दूसरों के लिए कर सकता है. मित्रता ज्ञान की शक्ति से प्राप्त होती है. सन्मित्र बनने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना पड़ता है. श्रेष्ठ शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए. प्रभु उसी स्थान पर हैं. हमारे सैनिक दृढ़ संकल्प के साथ मौत का सामना करते हैं.देश की सीमाओं की रक्षा करता है उनमें अनुशासन है, संयम है, दृढ़ निश्चय है, सामूहिक प्रयास है। यही प्रयास सन्मित्र मिलिट्री स्कूल में किया जा रहा है. यह सचमुच गर्व की बात है. हम प्रयास करें तो रेत के कणों से तेल निकालने की क्षमता हमारे पास होनी चाहिए.उन्होंने अपने तीस मिनट के भाषण में यह भी सलाह दी कि शिक्षा का लक्ष्य मनुष्य का निर्माण करना होना चाहिए.

### सन्मित्र मंडल की ओर से सरसंघचालक डॉ. भागवत का सत्कार

सन्मित्र मिलिट्री स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का सन्मित्र मंडल के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सत्कार किया गया. इससे पहले मुख्य अतिथि के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सन्मित्र सैनिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उन्हें सलामी दी. विद्यार्थियों ने विभिन्न रोमांचकारी प्रदर्शन प्रस्तुत कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस दौरान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सन्मित्र मिलिट्री स्कूल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस कंपनी के उत्कृष्ट नायक अनुराग रामटेके को सम्मानित किया. छात्रों ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर का गीत 'स्वातंत्र्य ते भगवती' प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं. कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ.



## ब्रम्होत्सव शोभायात्रा का भाजपा ने किया स्वागत

> जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को शीतल पेय का वितरण

**चंद्रपुर.** श्री तिरूपति बालाजी देवस्थान की ओर से तीन दिवसीय ब्रम्होत्सव महोत्सव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर चंद्रपुर शहर से जुलूस निकाला गया. भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा की ओर से गांधी चौक पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी.

श्रीतिरुपति बालाजी देवस्थान की ओर से बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय ब्रम्होत्सव का आयोजन किया गया। यहां तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज महोत्सव के समापन कार्यक्रम के अवसर पर शहर से शोभा यात्रा निकाली गयी. इस शोभा यात्रा के स्वागत के लिए गांधी चौक पर स्वागत मंच बनाया गया था.

जैसे ही शोभा यात्रा स्वागत मंच के पास पहुंची भारतीय जनता पार्टी , चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जुलूस में शामिल बालाजी भक्तों एवं चंद्रपुरकरों को जलपान वितरित किया गया।

# अहेरी राजनगरी में हुआ राजकीय भूकंप

> नगराध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी नगरसेवक बर्खास्त
> अहेरी नगर पंचायत में सत्ताधारी गुट के सभी 9 नगरसेवक अयोग्य घोषित

**अहेरी.**

नगर पंचायत पिछले तीन साल से विवादों के घेरे में है. अवैध टेंडरिंग प्रक्रिया हो या विभिन्न मामलों में सत्ताधारियों के विवादों के कारण ठेकेदारों पर अत्याचार का मामला




हो या लगातार विवादों में रहने का मामला हो, विगत कुछ दिनों पहले ही नगर पंचायत के अध्यक्ष ने मुख अधिकारी दिनकर खोत के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करायी थी.

अहेरी नगर पंचायत में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अजय कंकडालवार गुट का दबदबा था. नगर पंचायत में सत्ता स्थापन करने के लिए शिवसेना (ऊबाठा) और एनसीपी के एक अलग समूह की मदद से की गई थी, लगभग ढाई साल पहले, अहेरी नगर पंचायत में अजय कंकडालवार के अतिक्रमण का समर्थन करने वाला प्रस्ताव सत्तारूढ़ नगरसेवकों द्वारा पारित किया गया था। नगर पंचायत की सामान्य बैठक में उस समय सरकारी परिसरों पर किए गए अतिक्रमण को बचाने का कार्य नगरसेवकों द्वारा किया गया था.

नगर पालिका, नगर पंचायत अधिनियम 1965 की धारा 44 (3) के तहत कलेक्टर, गढ़चिरौली की अदालत में नगरसेवक के पद के दुरुपयोग के खिलाफ भाजपा समूह द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी। भाजपा नगरसेवक लगातार इसके लिए पैरवी कर रहे हैं। पिछले ढाई साल से अवैध अतिक्रमण के सारे सबूत कलेक्टर गढ़चिरौली को दे दिए जाने के बाद भी पिछले दो साल से सभी की निगाहें मामले के नतीजे पर निगाहे टिकी हुई थीं,इस दौरान ढाई साल बीत जाने पर नतीजे नहीं निकलने से क्या सत्ताधारियों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा? ऐसी आशंकाएं भी व्यक्त की गईं थीं.

लेकिन अपने तबादले के एक दिन पहले ही कल कलेक्टर संजय दैने ने इस मामले पर आखिरी फैसला सुनाते हुए कल सत्तारूढ़ समूह के मेयर रोजा करपेत और उपाध्यक्ष शैलेश पटवर्धन के साथ सभी 9 पार्षदों विलास सिडाम, नौरस रियाज शेख, मिनाताई ओंद्रे, सुरेखा गोडशेलवार, ज्योति सडमेक, विलास गलबले, महेश बाकेवार को अयोग्य घोषित कर दिया। खास बात यह है कि इनमें से सात पार्षद दो माह पहले ही दलबदल कर चुके हैं। उस समय यह चर्चा जोरों पर थी कि दल-बदल केवल कैबिनेट मंत्रियों से संरक्षण पाने के लिए किया गया था, क्योंकि इस डर से कि कहीं परिणाम उनके विपरीत न आ जाये, अंततः यह चर्चा भी जोरों पर है कि दल-बदल की योजना भी विफल हो गयी। खास बात यह है कि कल ही कलेक्टर का तबादला कर दिया गया है, इसकी चर्चा हर जगह हो रही है कि उन्होंने ऐन वक्त पर जाते जाते रिजल्ट देकर जोर का झटका धीरे से दे दिया.

## आपसी भाईचारा, विश्वशांति के प्रार्थना से मना क्रिसमस पर्व

**चंद्रपुर.** क्रिश्चन अनुयायियों का एकमात्र और सबसे बड़ा पर्व प्रभू यीशू मसीह का जन्मोत्सव अर्थात क्रिसमस पर्व सोमवार को पूरे जिलेभर में उत्साहपूर्ण वातावरण में क्रिश्चन अनुयायियों ने मनाया.

जिले भर के चर्च में क्रिसमस के मौके पर सुबह 9 बजे विशेष प्रार्थना में क्रिश्चन बंधु एकजुट हुए और उन्होने सभी धर्मों के बीच आपसी भाईचारे, विश्वशांति की प्रार्थनाएं की. क्रिसमस के मौके पर सभी चर्च को आकर्षक रोशनी से सुंदरतापूर्वक सजाया गया था. जिसकी मनमोहक जगमगाहट सभी को आकर्षित कर पर्व कर खुशियां फैला रही थी.

क्रिसमस के मौके पर सभी ईसाई अनुयायियों में खुशी देखते ही बन रही थी. सुबह से ईसाई अनुयायी महिला-पुरूष, बच्चे सुंदर वस्त्रों में सजधज



कर चर्च पहुंच रहे थे. संत अंद्रिया देवालय के प्रेसबीटर इन चार्ज रेव्हरेंट की अनुगाई में प्रभू यीशू की सामूहिक आरधना, नाताल की उपासना व पवित्र सहभागीता किया गया. और बड़े ही उल्लास के एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी गयी. इस समय बच्चों से लेकर वृध्दों तक सभी नाताल पर्व पर कार्यक्रमों में सहभाग लिया था. वही समाज बांधवों ने अपने_अपने घर पर विभीन्न प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे थे. जिसमें उनके परिचित रिश्तेदारों ने शामिल होकर उनका आनंद दुगना किया.

26 दिसम्बर को शाम 6 बजे संत आंद्राया देवालय में महीला मंडल व संडे स्कूल द्वारा द्वारा विभीन्न कार्यक्रम लिए जायेंगे. शनिवार 31 दिसम्बर की रात 8 बजे से 11 बजे तक कैम्प फायर तथा नववर्ष पूर्व संध्या उपासना पवित्र सहभागीता विधि किया जायेगा. रविवार 1 जनवरी 2024 को सुबह 8 बजे नए वर्ष की उपासना व पवित्र सहभागीता विधि होगा.

**महानगर के मुख्य मार्ग पर रौनक**

क्रिसमस के मौके पर महानगर के गांधी मार्ग पर गांधी चौक से लेकर जटपुरा गेट तक सड़क के किनारे वस्तुओं की विक्री वालों ने दुकानें लगा रखी थी जहां बड़ी संख्या में लोग आकर्षक वस्तुएं खरीदने में जुटे थे. बेकरी और होटलों में केक की विक्री बड़े पैमाने पर हुई. यहां भी काफी सजावट की गई थी.



# इस साल सिनेमा में चला इनका सिक्का

इस साल श्रद्धा कपूर, करीना कपूर, तृप्ति, डिमरी और रश्मिका मंदाना ने जैसी बॉलीवुड और साउथ की एक्ट्रेसेस ने एंटरटेनिंग, हिट फिल्में दी हैं। इनके नाम को देखकर दर्शक थिएटर तक चले आए। आने वाले साल में भी ये एक्ट्रेसेस अलग-अलग जॉनर की फिल्में करेंगी। जानिए, इन एक्ट्रेसेस की अगले साल के फिल्म प्रोजेक्ट्स के बारे में।



इस साल श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। यह मल्टीस्टारर फिल्म थी, इसके बावजूद श्रद्धा के अभिनय की खूब चर्चा हुई। आने वाले साल में भी श्रद्धा के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। अगले साल फिल्म स्त्री 3 भी रिलीज हो सकती है। फिल्म के डायरेक्टर, राइटर कहानी लिख चुके हैं और श्रद्धा भी इस फिल्म का हिस्सा बनने को तैयार हैं। 'एनिमल' फिल्म से चर्चा में आई तृप्ति डिमरी की इस साल तीन फिल्में रिलीज हुई, 'बैड न्यूज' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' और 'भूल भुलैया 3' हैं। तीनों ही फिल्मों को अच्छा रेस्पॉन्स मिला। साथ ही तृप्ति इस साल मोस्ट सर्च एक्ट्रेस की लिस्ट में भी शामिल हुई। अगले साल भी तृप्ति फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। उम्मीद है कि दर्शकों को उनकी यह फिल्म भी पसंद आएगी।

### करीना कपूर

करीना कपूर इस साल फिल्म 'क्रू' और 'सिंघम अगेन' का हिस्सा बनीं। फिल्म 'क्रू' वूमेन सेंट्रिक फिल्म रही, वहीं सिंघम फ्रेंचाइज की फिल्म 'सिंघम अगेन' में उन्होंने अजय देवगन की पत्नी का ही रोल किया। दोनों फिल्मों में करीना ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। अगले साल भी करीना कपूर खान कुछ फिल्मों में नजर आएंगी, इनमें से एक फिल्म 'दायरा' भी है।

### रश्मिका मंदाना

फिल्म 'पुष्पा 2' के कारण रश्मिका मंदाना अब तक चर्चा में बनी हुई है। अगले साल फरवरी में उनकी विजयदेवरकोंडा के साथ एक फिल्म 'गर्लफ्रेंड' भी रिलीज होगी।

# महिला स्टैंड-अप कॉमेडियन की भूमिका निभाएंगे अली असगर



सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी के किस्से' अपनी प्रासंगिक कहानी और शानदार कलाकारों के साथ दिल जीत रहा है। यह शो मध्यम वर्गीय वागले परिवार के दैनिक संघर्षों और खुशियों को खूबसूरती से जीवंत करता है। रोमांच को और बढ़ाते हुए, शो में दमदार कलाकार अली असगर का स्वागत हो रहा है, जो खासतौर पर न्यू ईयर सीक्वेंस के लिए शो में शामिल हो रहे हैं। अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचान रखने वाले अली असगर के कलाकारों में शामिल होने से साईं दर्शन सोसाइटी में मस्ती और ट्विस्ट की एक अतिरिक्त खुराक आने का वादा किया गया है।

अली असगर मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और राजेश वागले (सुमीत राघवन) के बचपन के दोस्त हरीश खन्ना की भूमिका में नजर आएंगे। डक्कू (दीपक परीक) उत्साहपूर्वक हरीश को सोसाइटी की न्यू ईयर पार्टी में परफॉर्म करने के लिए आमंत्रित करता है। जहां हर कोई रोमांचित है, वहीं राजेश इस खबर को लेकर उतना उत्साहित नहीं दिखता। कहानी तब और उलझ जाती है जब हरीश की कॉमेडी एक अजीब मोड़ लेती है, जिसमें उसका रोस्ट करने वाला अभिनय एक सीमा पार कर जाता है और सोसाइटी के सदस्यों को आहत कर देता है। इसके बाद दिल को छूने वाले अहसासों की एक सीरीज और एक गुजराती महिला के रूप में उनकी वापसी का प्रदर्शन होता है। इससे हास्य अराजकता और एक अप्रत्याशित समाधान होता है जो दर्शकों को हंसने और सोचने पर मजबूर कर देगा।

क्या हरीश खुद को सुधार पाएगा? राजेश चीजों को बदलने के लिए कैसे कदम उठाएगा? और साईं दर्शन सोसाइटी के लिए नया साल क्या आश्चर्य लेकर आया है?

हरीश खन्ना की भूमिका निभाने वाले अली असगर ने कहा, "मैं 'वागले की दुनिया' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह एक कल्ट क्लासिक है और प्रशंसकों द्वारा बेहद पसंद किया जाता है, जो संबंधित कहानियों और दिल को छूने वाली भावनाओं को खूबसूरती से चित्रित करता है। मेरा किरदार हरीश खन्ना एक स्टैंड-अप कॉमेडियन है, और मैंने इस क्षेत्र में अपने स्वयं के अनुभवों से प्रेरणा ली है, जिसने उसे जीवंत और भी रोमांचक बना दिया। भूमिका इस साल के जश्न के दौरान हल्के-फुल्के पल, अराजकता और अहसासों का मिश्रण जोड़ती है। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना वाकई खुशी की बात थी, और मैं दर्शकों को इस मनोरंजक एपिसोड का आनंद लेने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# गर्लफ्रेंड संग डूबने से बाल-बाल बचे रणवीर



रणवीर ने पोस्ट में गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उनकी गर्लफ्रेंड के साथ समुद्र में तैरने का आनंद अचानक ही एक संघर्ष में बदल गया। उन्होंने साझा किया कि जब वे दोनों समुद्र में तैर रहे थे तब एक अंडरवाटर करंट ने उन्हें बहा लिया। उन्होंने लिखा, "यह पहले भी मेरे साथ हो चुका है, लेकिन इस बार मैं अकेला नहीं था।" साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि एक साथी के साथ ऐसी स्थिति का सामना करना कितना मुश्किल था।

हालांकि वे दोनों अनुभवी तैराक थे, लेकिन तेज करंट के सामने वे असहाय महसूस कर रहे थे। रणवीर इलाहाबादिया ने उस क्षण को याद करते हुए कहा, "जब मेरे अंदर पानी चला गया था तो मैंने खुद को असहाय महसूस किया तब मैंने मदद के लिए आवाज दी।"

उनकी मदद के लिए पास ही तैर रहा एक परिवार आया, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी और उनकी पत्नी भी शामिल थे। रणवीर इलाहाबादिया ने उन सभी का दिल से आभार व्यक्त किया और लिखा, "लहरों में मजे करते वक्त अचानक यह करंट आया जिसने हमें बहा ले गया। उस परिवार का शुक्रिया जिन्होंने हमें बचाया।" रणवीर ने पोस्ट में लिखा कि इस अनुभव ने उनके जीवन के प्रति दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल दिया है।

# सलमान खान के शो में धमाल मचाएंगे राम चरण



साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे इन दिनों लगातार फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं, जिसके लिए उन्होंने कई अलग-अलग योजनाएं बनाई हैं। वहीं, अब राम चरण ने 'गेम चेंजर' का प्रचार करने के लिए एक दिलचस्प प्लेटफॉर्म चुना है। चलिए जानते हैं कि अब राम चरण कहां फिल्म का प्रचार करेंगे। 'गेम चेंजर' का प्रमोशनल टूर अमेरिका में शुरू हो चुका है और बहुत जल्द भारत में भी प्रमोशन शुरू हो जाएगा। इस बीच खबर आ रही है कि राम चरण मुंबई में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में शामिल होंगे। वह सलमान के रियलिटी शो में गेम चेंजर का प्रमोशन करेंगे।

सलमान और राम चरण का रिश्ता काफी पुराना है और असल जिंदगी में भी दोनों के बीच काफी करीबी रिश्ता है, इसलिए प्रशंसकों के लिए दोनों सितारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। वहीं, अब इस जानकारी को लेकर आधिकारिक एलान का इंतजार है। उम्मीद है जल्द ही शो के निर्माता भी प्रोमो जारी करेंगे।

इससे पहले अमेरिका के डलास में फिल्म के प्रचार कार्यक्रम में निर्देशक सुकुमार ने दावा किया कि राम चरण ने फिल्म में इतना अच्छा अभिनय किया है कि उन्हें उम्मीद है कि अभिनेता को इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं आपको एक रहस्य बताता हूं। मैंने यह फिल्म चिरंजीवी सर के साथ देखी, गेम चेंजर, इसलिए मैं पहली समीक्षा देना चाहता हूं। पहला भाग, कमाल का। इंटरवल, ब्लॉकबस्टर। मेरा विश्वास करो। दूसरा भाग, फ्लैशबैक एपिसोड ने मेरे रोंगटे खड़े कर दिए, अद्भुत। मैंने इसे शंकर की 'जेंटलमैन' और 'इंडियन' जितना ही एन्जॉय किया।'

# कटरीना के मायके में विक्की कौशल ने मनाया क्रिसमस



बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल 25 दिसंबर को क्रिसमस का जश्न मनाते हुए नजर आए। इस मौके पर कटरीना अपने मायके में बहनों के साथ क्रिसमस का जश्न मनाते दिखाई दीं। विक्की कौशल भी सालियों के साथ क्रिसमस मस्ती भरे अंदाज में मनाते हुए नजर आए हैं। कटरीना कैफ और विक्की कौशल दोनों ने ही अपने-अपने इंस्टाग्राम पर क्रिसमस से जुड़ी तस्वीरें साझा की है। आप भी देखिए दोनों के क्रिसमस जश्न की ये झलक। कटरीना कैफ कुछ दिनों पहले प्रेगनेंसी को लेकर सुर्खियों में थी।

वहीं अब दोनों क्रिसमस पर वेकेशन इंजॉय कर रहे हैं। विक्की कौशल ने ससुराल में क्रिसमस का जश्न मनाया है। वह अपनी सालियों के साथ क्रिसमस का जश्न मनाते हुए नजर आए। तो वहीं कटरीना कैफ भी अपने परिवार के साथ क्रिसमस का जश्न मनाते हुए बेहद खुश नजर आ रही हैं। विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर 2021 को राजस्थान में शादी की थी।

विक्की कौशल के काम की अगर बात करें तो वह 'छावा' फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। लेकिन पुष्पा टू द रूल के साथ क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म रिलीज की तारीख बदल दी। विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म छावा को 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे के दिन सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

कटरीना कैफ के काम की अगर बात करें तो वह इसी साल मेरी क्रिसमस नाम की फिल्म में नजर आई थी। जिसमें उन्होंने मारिया का किरदार निभाया था। उनकी अगली फिल्म कौन सी होगी इसके बारे में अभी औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन खबर यह है कि वह सैफ अली खान के साथ फैंटम फिल्म में नजर आएंगी। वहीं टाइगर वर्सेस पठान में वह शाहरुख खान और सलमान खान के साथ नजर सकती हैं।

# दीपिका-रणवीर ने बेटी दुआ के साथ मनाया पहला क्रिसमस



25 दिसंबर को दुनियाभर में क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड की हस्तियों ने भी काफी शानदार तरीके से क्रिसमस सेलिब्रेट किया।

ऐसे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के लिए भी इस साल का क्रिसमस बेहद खास है। क्योंकि कपल हाल ही में न्यू पेरेंट्स बने हैं।

इसलिए उन्होंने दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद से पहला क्रिसमस मनाया।वहीं कुछ दिन पहले एक्ट्रेस को पहली बार दुआ के साथ बाहर स्पॉट किया गया था। इस दौरान दीपिका और रणवीर ने पैपराजी से रिक्वेस्ट भी की। कि कोई भी तस्वीर ना लें, क्योंकि दुआ अभी बहुत छोटी है। उन्होंने पैपराजी से कहा कि जब सही वक्त होगा,

हम सभी के साथ उसकी तस्वीर शेयर करेंगे।दरअसल, दीपिका ने बीती रात अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर क्रिसमस ट्री की क्लोज-अप तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में क्रिसमस के तीन खिलौने लटके हुए हैं। इन तीनों पर माता-पिता और बेटी का नाम लिखा हुआ है। वहीं इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने रणवीर को भी टैग किया है।

# करणवीर और रजत के बीच हुई तीखी बहस



बिग बॉस 18 का एपिसोड कई तीखी बहसों और चर्चाओं पर आधारित था। एपिसोड की शुरुआत करण वीर मेहरा और रजत दलाल के बीच तीखी नोकझोंक से हुई, जिसके दौरान दोनों लगभग शारीरिक रूप से हिंसक हो गए। उनका झगड़ा तब शुरू हुआ जब अविनाश मिश्रा ने चुम दरंग से घर का राशन त्यागने की अपनी गलती स्वीकार करने के लिए कहा।

इसके बाद रजत दलाल ने करण वीर मेहरा को 'फर्जी' कहा और उस पर अपने किए के विपरीत काम करने का आरोप लगाया। करण वीर ने रजत को याद दिलाया कि उसने चुम दरंग या सारा अरफीन खान को टाइम ऑफ गॉड बनाने का वादा किया था। वह रजत से कहता है कि सारा को मौका नहीं मिला और इस तरह, चुम टाइम ऑफ गॉड बन गया। इस बात पर रजत अपना आपा खो देता है और आरोप लगाता है कि करण वीर अपने शब्दों और प्रतिबद्धताओं को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। रजत चिल्लाता है कि करण वीर मुख्य विषय को अनदेखा करता है। करण वीर रजत से उसके पक्ष में रहने का वादा करने के बाद पक्ष बदलने के लिए सवाल करता है। इस पर रजत गुस्सा आ जाता है और वो करण वीर की ओर चलता है। यहां तक कि करण वीर भी उसकी ओर चलता है और वे आमने-सामने आ जाते हैं। इस बहस के दौरान रजत ने करणवीर को याद दिलाया कि कैसे उसने रजत के परिवार को उससे शर्मिंदा होने की बात कही थी।बहस के दौरान दोनों एक दूसरे के बहुत करीब थे। करणवीर मेहरा ने रजत को अपने हाथ से पीछे धकेला और लड़ाई के दौरान दूरी बनाए रखने के लिए कहा। रजत ने करणवीर को पटक दिया और उसे खुद को छूने से मना किया। दोनों के बेहद करीब होने और एक दूसरे को दूर धकेलने के कारण कंटेस्टेंट उनके चारों ओर इकट्ठा हो गए। करणवीर भी गुस्सा हो गए और उन्होंने रजत से 'व्यक्तिगत दूरी' बनाए रखने के लिए कहा। करणवीर रजत से कहते हैं कि "तेरे जैसे बहुत देखे हैं।" वह रजत से सवाल करते हैं, "सॉरी बुलवाने 200 किमी जाता है, बुलवाया?" जैसे-जैसे उनकी तीखी बहस जारी रहती है, सारा अरफीन खान फर्श से टिश्यू इकट्ठा करती हैं और उन्हें करणवीर पर फेंक देती हैं। चुम दरंग और शिल्पा शिरोडकर सारा पर उसके व्यवहार के लिए चिल्लाते हैं।

# कई कमेंट्स से भरा कियारा और सिद्धार्थ का इंस्टाग्राम



बॉलीवुड के पावर कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा हमेशा ही त्यौहारों के मौके पर अपनी प्यार भरी तस्वीरें शेयर करके अपने चाहने वालों को प्रभावित करने में असफल नहीं होते हैं। हाल ही में इस कपल ने एक बार फिर अपने चाहने वालों को खुश कर दिया, जब उन्होंने क्रिसमस सेलिब्रेशन की एक नई तस्वीर शेयर की और उनके रोमांस ने दिलों को पिघला दिया। नतीजतन, कई प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में जाकर उनके रिश्ते पर खुशी जताई।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने अंतरंग त्यौहारी पल की एक तस्वीर के साथ एक सहयोगी पोस्ट शेयर की। तस्वीर में कपल एक दूसरे को गले लगा रहे हैं और खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री के पास प्यार से खड़े हैं। वे क्रिसमस की सजावट से घिरे हुए थे, जिससे एक परफेक्ट फेस्टिव मूड बन रहा था।तस्वीर में, अपने प्रभावशाली स्टाइल के लिए जानी जाने वाली आडवाणी ने सफेद पोल्का डॉट्स वाली एक ब्लैक ड्रेस पहनी हुई थी। उन्होंने अपना मेकअप कम से कम रखा, लेकिन चमकीले लाल रंग की लिपस्टिक, मैचिंग लाल झुमके और ताज़े पेंट किए हुए लाल नाखूनों के साथ रंग का तड़का लगाया। साथ ही, उनके खुले बालों ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए।दूसरी ओर, सिद्धार्थ ने अपने लुक को कैज़ुअल लेकिन आकर्षक बनाए रखा। उन्होंने ऑलिव ग्रीन टी-शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी थी, जो स्टाइल में क्रिसमस वाइब्स को दर्शाती थी। जैसे ही वॉर 2 की अभिनेत्री ने अपने पति को गर्मजोशी से गले लगाया, उन्होंने उसे सुरक्षात्मक रूप से पीछे से पकड़ लिया, जिससे एक तस्वीर-परफेक्ट पल बन गया। उन्होंने कैप्शन में प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं और लाल दिल और सांता इमोजी के साथ "हमारी तरफ से आपको मेरी क्रिसमस" लिखा। यह पोस्ट जल्द ही प्रशंसकों के बीच हिट हो गई, जो जोड़ी की केमिस्ट्री को लेकर उत्साहित थे। एक प्रशंसक ने तस्वीर की खूबसूरती की प्रशंसा की और कई लाल दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, "आज इंस्टाग्राम पर सबसे अच्छी पोस्ट।" दूसरे ने अपनी उत्तेजना व्यक्त की और टिप्पणी की, "यह फोटो का ही इंतज़ार था"।एक अन्य प्रशंसक ने अप्रत्याशित तस्वीर को हाइलाइट किया और उल्लेख किया, "यह बहुत अप्रत्याशित था," एक नेटिजन ने कहा, "और यहाँ हमें अपना क्रिसमस उपहार मिला।" ये टिप्पणियाँ प्रशंसकों की खुशी को दर्शाती हैं जो उन्हें अपने पसंदीदा जोड़े की तस्वीर देखने पर महसूस हुई।

# तीसरा सेशन भारत ने किया अपने नाम

### पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया रहा हावी




मेलबर्न.

मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 311 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 68 रन और कप्तान पैट कमिंस आठ रन बनाकर नाबाद हैं। पहले दिन बराबरी की टक्कर रही। जहां पहला सत्र ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। वहीं, दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मजबूत प्रतिद्वंद्विता दिखी। तीसरे सत्र में भारत पूरी तरह से हावी रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पहले सत्र में 25 ओवर में 4.48 के रन रेट से 112 रन बनाए थे और सिर्फ एक विकेट गंवाया था। 112 रन बॉक्सिंग डे टेस्ट के शुरुआती दिन के पहले सत्र में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के ही नाम था। उन्होंने 2007 में भारत के खिलाफ ही बिना विकेट गंवाए 111 रन बनाए थे। दूसरे सत्र में दोनों के बीच अच्छी लड़ाई देखने को मिली। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने 28 ओवर में 2.29 के रन रेट से 64 रन और जोड़े। इस सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट गंवाया। उस्मान ख्वाजा दूसरे सत्र में आउट हुए। तीसरे सत्र में जसप्रीत बुमराह ने भारत की वापसी कराई और ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को पवेलियन भेजा। तीसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 33 ओवर में 4.09 के रन रेट से 135 रन बनाए, लेकिन चार विकेट भी गंवाए। हेड और मार्श के अलावा एलेक्स कैरी और मार्नस लाबुशेन आउट हुए।उन्होंने अर्धशतक जमाया। हालांकि, इसके बाद रवींद्र जडेजा की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। कोंस्टास 65 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए।

**बॉक्सिंग डे टेस्ट में चमके सैम कोंस्टास**

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने 19 वर्ष 85 दिन में डेब्यू किया। डेब्यू करते ही उन्होंने बडी उपलब्धि हासिल कर ली। सैम कोंस्टास इस सदी में पैट कमिंस के बाद दूसरे युवा खिलाड़ी बने, जिन्होंने सबसे कम उम्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया है। पैट कमिंस ने 2011 में 18 साल 193 दिन में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। वही सैम कोंस्टास ने हाल में ही अक्टूबर में अपना 19वां जन्मदिन मनाया। कोंस्टास ने 19 साल 85 दिन में डेब्यू किया। इस मैच के लिए दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और भारत ने शुभमन गिल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया। कंगारुओं की शुरुआत अच्छी रही और 19 साल के डेब्यूटांट सैम कोंस्टास ने उस्मान ख्वाजा के साथ पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी निभाई। कोंस्टास ने अपने डेब्यू मैच में ही आक्रामक बल्लेबाजी की और बुमराह को निशाने पर लिया।

# ओलंपियन महेश्वरी और अनंतजीत ने जीता राष्ट्रीय खिताब

जयपुर.

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका की जोड़ी ने अपने राज्य राजस्थान के लिए स्कीट मिश्रित टीम का राष्ट्रीय खिताब जीतकर साल का अच्छा समापन किया।67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के दौरान डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेले गए फाइनल में इस जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के मेराज अहमद खान और अरेबा खान को 44-43 के करीबी स्कोर से हराया। पंजाब की गनेमत सेखों और अभय सिंह सेकॉन की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले, दिन में महेश्वरी और अनंतजीत ने तीन 25-शॉट राउंड में क्रमशः 72 और 71 का स्कोर करके सात टीमों के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन टीमें- ग़नेमत और अभय, हरियाणा के इशान लिब्रा और रायज़ा ढिल्लों, और मेराज और अरेबा ने 141 का समान स्कोर किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश की जोड़ी ने लगातार आठ लक्ष्य साधकर तीन-तरफा शूट-ऑफ में जीत हासिल की और स्वर्ण के लिए मुकाबला करने का अधिकार प्राप्त किया।महेश्वरी और अनंतजीत ने आत्मविश्वास से भरे हुए फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छह सीरीज के दौरान लगातार नेतृत्व बनाए रखा, लेकिन महेश्वरी को उनके शॉट समय की सीमा पार करने के कारण चेतावनी मिलने और ध्यान की कमी ने अंत में इसे और भी करीब बना दिया।जूनियर स्कीट मिश्रित टीम में मध्य प्रदेश ने हरियाणा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की जोड़ी ज्योतिर्दित्य सिंह और मानसी रघुवंशी ने इशान और संजना सूद को शूट-ऑफ में 4-2 से हराया, जब दोनों टीमों ने नियम के तहत 48 लक्ष्यों में से 40 पर निशाना साधा था।

# एंडी पाइक्रॉफ्ट चौथे मैच रेफरी बने



मेलबर्न.

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी पाइक्रॉफ्ट 100 पुरुष टेस्ट मैचों में मैच रेफरी बनने वाले चौथे व्यक्ति बन गए हैं। 1983 से 1992 तक जिम्बाब्वे के लिए तीन टेस्ट मैचों में 152 रन और 20 वनडे मैचों में 220 रन बनाने वाले पाइक्रॉफ्ट रंजन मदुगले (225 बार), जेफ क्रो (125 बार) और क्रिस ब्रॉड (123 बार) के साथ मैच रेफरी के रूप में यह अनूठी उपलब्धि हासिल करने वाले एक विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आईसीसी के एक बयान में कहा, आईसीसी के एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफ़री में शामिल होना और दुनिया भर में अलग-अलग संस्कृतियों को अपनाते हुए काम करने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात है।"

"मैं आईसीसी को उसके समर्थन के लिए, मेरे साथी मैच अधिकारियों, भूतपूर्व और वर्तमान को, उनके पेशेवर रवैये और मित्रता के लिए, और मेरी पत्नी, करेन और मेरे परिवार को, उनके प्रोत्साहन और सहनशीलता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक पुरस्कृत यात्रा रही है, और मैंने इसके हर पल को संजो कर रखा है।"

1983, 1987 और 1992 के वनडे विश्व कप में जिम्बाब्वे के लिए खेलने वाले पाइक्रॉफ्ट ने 2009 से 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी20 और 21 महिला टी20 में भी काम किया है। "मैं एंडी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि वह इस अद्भुत मील के पत्थर को पार कर रहे हैं. आईसीसी मैच रेफ़री के रूप में टेस्ट मैचों की एक शताब्दी।"

आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी सीन ईज़ी ने कहा,"हमारे एलीट पैनल के एक अनुभवी सदस्य के रूप में, वह खेल की रक्षा और सुधार के लिए क्रिकेट की अपनी समझ का लगातार लाभ उठाते हैं। एंडी का खिलाड़ियों और साथियों द्वारा समान रूप से सम्मान किया जाता है, और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में हैं।" मैच रेफरी बनने से पहले, पाइक्रॉफ्ट ने प्रशासन में काम किया था, जिम्बाब्वे अंडर 19 टीम का प्रबंधन किया था और सीनियर पुरुष टीम को कोचिंग दी थी।

### सोनाक्षी, करिश्मा तन्ना ने बॉक्सिंग डे मैच में टीम को चीयर किया

मेलबर्न.

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और करिश्मा तन्ना मेलबर्न में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच का लुत्फ़ उठा रही हैं। गुरुवार को पहले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में प्रशंसकों की भारी भीड़ के बीच अभिनेत्री को देखा गया।

सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में खुद के कई वीडियो शेयर किए, जिसमें उन्हें टीम इंडिया को चीयर करते देखा जा सकता है। अभिनेत्री द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में से एक में उनके पति ज़हीर इकबाल ब्रेक के दौरान ग्राउंड पर बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।अभिनेत्री द्वारा अपने फीड पर पोस्ट की गई तस्वीरों में से एक में उन्हें तिरंगा पकड़े देखा जा सकता है।

# इस साल भारतीय खेल पर लगे दाव

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी बनी चर्चा की वजह

नई दिल्ली.

भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी पेश कर दी और लंबे समय से अधर में लटके राष्ट्रीय खेल विधेयक को संसद में पेश किये जाने की भी संभावनायें दिख रही हैं, लेकिन इन अच्छी खबरों के बीच वर्ष 2024 में भारतीय खेल पर दाग लगे हैं. कहीं पर खिलाड़ी तो कहीं पर खेल प्रशासकों की करतूत से खेल जगत में बदनामी झेलनी पड़ी है। फिलहाल कई खेल संघों में अंतर्कलह और सत्ता के संघर्ष की दास्तान भी बदस्तूर जारी है। इसी के चक्कर में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने खेल की दुनिया छोड़ नयी पारी शुरू कर दी। भारतीय खेलों में बाकी चीजों की तरह प्रशासकों का प्रदर्शन भी मिला जुला रहा । लेकिन कुछ मामलों में उम्मीद की किरण भी दिखी मसलन भारत ने 2036 ओलंपिक खेल की दावेदारी के इरादे का पत्र अक्टूबर में जमा कर दिया । इसकी राह हालांकि उतनी आसान नहीं होगी।




इससे पहले पीटी उषा की अध्यक्षता वाले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में साल भर उथल पुथल रही और आईओए यह बताने में नाकाम रहा कि पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक संख्या दोहरे अंक में क्यो नहीं पहुंच सकी। करीब आधा दर्जन भारतीय खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे लेकिन पेरिस ओलंपिक में कम से कम दस पदकों की उम्मीद थी।

आईओए में गुटबाजी हमेशा से रही थी और उषा की अध्यक्षता में इस समय भी कोई अपवाद देखने को नहीं मिला। एक सीईओ की नियुक्ति को लेकर विवाद पूरे साल छाया रहा जिसमें कार्यकारी परिषद के 15 में से 12 सदस्य उषा के खिलाफ थे।

आरोप प्रत्यारोप के दौर के बीच कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने उषा के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने की धमकी दी। उषा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पद पर बने रहने की उनकी पात्रता पर स्पष्टीकरण मांगा था। सितंबर में परिषद की बैठक में आनलाइन जुड़े अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के सामने एक दूसरे पर कीचड़ उछाला गया।

# मैच के दौरान खालिस्तानी और भारतीय समर्थकों में हुई भिड़ंत

मेलबर्न.

भारत और ऑस्ट्रेलिया के चौथे टेस्ट मैच में क्रिकेट ग्राउंड के बाहर खालिस्तानी और भारतीय समर्थकों के बीच झड़प हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

दरअसल, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के बाहर एक दर्जन खालिस्तानी झंडाधारी भारत विरोधी नारे लगा रहे थे, जिसका भारतीय लोगों ने जमकर विरोध किया। भारतीय समर्थकों ने भारत जिंदाबाद के नारे लगाकर उन्हें चुप करा दिया। वहीं इस झड़प को लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।खालिस्तानी समर्थक और भारतीय प्रशंसक हाथों में झंडे लेकर लगातार नारे लगाते हुए आपस में भिड़ रहे हैं। यह घटना जब भारतीय प्रशंसक खालिस्तानी समर्थकों से भिड़ गए, जिन्हें बाद में विक्टोरिया पुलिस ने वहां से हटा दिया। मेलबर्न टेस्ट मैच के लिए टिकट न होने के बावजूद खालिस्तानी समर्थक सुबह ही हंगामा करने के लिए पहुंच गए थे।

हालांकि, स्थिति को जल्द ही काबू में कर लिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वहीं बात करें अब तक के खेल की तो ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सैम कोंस्टस ने 60 रन, उस्मान ख्वाजा ने 57, लाबुशेन ने 72 रन, ट्रेविस हेड शून्य पर, मिचेल मार्श ने 4 रन और कैरी ने 31 रन बनाए और पवेलियन लौट गए। फिलहाल क्रीज पर स्टिव स्मिथ (68 रन) के साथ पैट कमिंस मौजूद है।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर हुए विवाद पर वॉन बोले- एआई का इस्तेमाल करो

मेलबर्न.

इंग्लैंड की टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का समर्थन किया है। माइकल वॉन ने एक तरह से ऑस्ट्रेलियन मीडिया को लताड़ लगाई और उन्हें सलाह दी है कि बदलते युग में आपको एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल हिंदी को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने के लिए करना चाहिए। अगर ऑस्ट्रेलियन मीडिया ऐसा करती तो फिर रविंद्र जडेजा की प्रेस कॉन्फ्रेंस इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनती।

बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले मीडिया से रूबरू होने के लिए रविंद्र जडेजा आए। जडेजा ने ज्यादातर सवालों का जवाब हिंदी में दिया। इससे ऑस्ट्रेलियन मीडिया नाखुश थी। इसके अलावा टीम बस होटल के लिए निकलने वाली थी। ऐसे में इस पीसी को थोड़ा सा छोटा रखा गया। इससे भी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया खुश नहीं थी। बीसीसीआई के मीडिया स्टाफ ने रविंद्र जडेजा को सलाह दी कि वे अंग्रेजी में प्रश्न स्वीकार नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उन्हें बस पकड़नी थी। इस पर ऑस्ट्रेलियन मीडिया ने बखेड़ा खड़ा कर दिया।




एक रिपोर्ट चलाई और रविन्द्र जडेजा पर अंग्रेजी में जवाब देने से इनकार करने का आरोप लगाया। प्रेस कॉन्फ्रेंस मुख्य रूप से भारतीय मीडिया के लिए थी, इसलिए सभी सवाल हिंदी में पूछे गए। जडेजा, जो जाहिर तौर पर हिंदी भाषा में अधिक सहज हैं। ऐसे में उन्होंने हिंदी में ही जवाब दिया। इस पर अब माइकल वॉन ने क्लब पेरियार पॉडकास्ट में कहा, "इंडिया एक पॉवरहाउस है। वे स्पष्ट रूप से सोचते हैं कि हवाई अड्डे पर कैमरे लगाना और परिवारों को फिल्माना एक कदम आगे की बात है। और यह उनकी प्रतिक्रिया का तरीका है। यह मेरे लिए और अधिक नाटकीयता जोड़ता है।"वॉन ने आगे कहा, "ऐसे एआई सिस्टम हैं, जिनका उपयोग आप हिंदी को ऑस्ट्रेलियाई अंग्रेजी में अनुवाद करने के लिए कर सकते हैं। इसलिए यदि वे अंग्रेजी में बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। बस इसे सिस्टम में डालें और यह ऑस्ट्रेलियाई अंग्रेजी के रूप में सामने आएगा। आप बस जडेजा को कोट करें कि एआई में क्या आता है? यह बिल्कुल वैसा ही नहीं हो सकता है, लेकिन यह काफी मजेदार होगा।"

# भारत वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में उभरेगा

नई दिल्ली.

हाथ फैलाए खड़े मुस्कुराते हुए डी गुकेश की छवि हमेशा के लिए अरबों लोगों के देश की यादों में अंकित हो जाएगी। सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन पर उनकी जीत के ठीक बाद आया यह क्षण विश्वनाथन आनंद के बाद के युग में भारत के एक सच्चे वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में उभरने का एक साहसिक संकेत था। वर्ष 2024 भारतीय शतरंज में पुनरुत्थान की कहानी थी, जिसे आनंद ने खुद गढ़ा था। गैरी कास्पारोव के नाम से जाने जाने वाले निडर और महत्वाकांक्षी किशोरों या "विशी के बच्चे" के पास अब अनुकरण करने के लिए एक रोल मॉडल है. चेन्नई का एक 18 वर्षीय युवक, जो शतरंज के लंबे इतिहास में अब तक का सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन है। लेकिन उस सफलता की शुरुआत अप्रैल में फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। वह उस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता के रूप में उभरे, और 32 वर्षीय गत विजेता लिरेन के साथ खिताबी भिड़ंत की तैयारी की।




14 राउंड वाले खिताबी मुकाबलों में गुकेश को पसंदीदा माना जा रहा था। यह टैग अपने आप में दबाव का कारण हो सकता था। लेकिन गेम 3, 11 और 14 में जीत के साथ, भारतीय खिलाड़ी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। गुकेश ने पूरे देश की उम्मीद को अपने कोमल कंधों पर ढोने के लिए बहुत ही सूझबूझ दिखाई। लेकिन इसका श्रेय अत्यधिक कुशल और विविधतापूर्ण सहायक स्टाफ को भी जाता है, जिसमें भारत में शतरंज क्रांति के अग्रणी आनंद और प्रसिद्ध मानसिक कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन शामिल थे।

प्रग्गनानंद ने मई में कार्लसन के घरेलू टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। एरिगैसी, दिव्या के लिए मील का पत्थर यह अधिक तकनीकी है, लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण है। एरिगैसी, आनंद के बाद, 2800 एलो रेटिंग अंक पार करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। भारतीय खिलाड़ी ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2024 के पांचवें दौर में रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन को हराकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। वह शतरंज के इतिहास में इस मुकाम को पार करने वाले 15वें जीएम भी थे।

# हिमा दास के निलंबन पर नाडा के अपडेट से असमंजस की स्थिति

नई दिल्ली.

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका हिमा दास को ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के मामले में दोषमुक्त करार दिए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने असामान्य घटनाक्रम में उन पर पूर्वव्यापी निलंबन लगा दिया। 16 महीने की निलंबन अवधि 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक थी और एथलीट अब टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है लेकिन हैरानी की बात यह है कि वह इस साल जून में भी प्रतियोगिताओं में भाग ले रही थी।

नाडा ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण उसके डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा निलंबित कर दिया गया था। नाडा की वेबसाइट के अनुसार 'धींग एक्सप्रेस' के रूप में जानी जाने वाली हिमा को मामले के समाधान समझौते के तहत निलंबन दिया गया था। वह वर्तमान में तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रही है।




उनके निलंबन की अवधि ने असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है क्योंकि वह इस साल अप्रैल से ही प्रतिस्पर्धा कर रही हैं जिसमें बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री मीट और जून में पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय मीट शामिल है जबकि उनका निलंबन 21 नवंबर 2024 तक था। सबसे दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने जून में चार रेस में भाग लिया। बुधवार को उनके प्रशिक्षण सत्र के बाद जब उनसे संपर्क किया गया तो हिमा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक सूत्र ने भी पुष्टि की कि उनका निलंबन नवंबर में समाप्त हो गया था। जब दोनों पक्ष सहमति देते हैं तो डोपिंग निरोधक एजेंसी और खिलाड़ी के बीच 'मामले के समाधान का समझौता ' किया जाता है और खिलाड़ी आगे की अपील किए बिना लगाए गए परिणामों को स्वीकार करने के लिए सहमत होता है।

यह घटनाक्रम हिमा को नाडा की डोपिंग निरोधक पैनल से पूरी तरह से मंजूरी मिलने के कुछ हफ़्ते बाद हुआ है । पैनल ने उन्हें 12 महीनों में तीन बार ठिकाना बताने में नाकाम रहने के कारण लगाये गए डोपिंग आरोपों से मुक्त कर दिया था। पैनल ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि वह किस तरह इस निष्कर्ष पर पहुंची कि हिमा की ओर से 'ठिकाने' संबंधी कोई चूक नहीं हुई है।

# डिएमके को सत्ता से हटाने के लिए अन्नामलाई ने ली ये 'भीष्म प्रतिज्ञा'

### > अन्ना यूनिवर्सिटी में यौन शोषण मामले पर विरोध स्वरूप खुद को कोड़े मारेंगे

**कोयम्बटूर:**



तमिलनाडु के कोयम्बटूर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने एक बेहद चुनौती भरा प्रण लिया है। अन्नामलाई ने 'भीष्म प्रतिज्ञा' लेते हुए ऐलान किया कि जब तक वह DMK को सत्ता से बाहर नहीं कर देते तब तक वह अपने पैरों में चप्पल या जूते नहीं पहनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्ना यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के यौन शोषण को हैंडल किए जाने के तरीके के विरोध में खुद को अपने घर के सामने 6 बार कोड़े से भी मारेंगे। बता दें कि अन्ना यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के यौन शोषण के आरोप में एक बिरयानी विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है।

### अपने घर के बाहर प्रदर्शन करेंगे BJP कार्यकर्ता

तमिलनाडु में 2026 में अगले विधानसभा चुनाव होने हैं और अन्नामलाई डीएमको को सूबे की सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सत्तारुढ़ डीएमके और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर हमले तेज कर दिए हैं। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मामले में पीड़िता का नाम, फोन नंबर और अन्य व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसी सार्वजनिक जगह पर विरोध प्रदर्शन करते हैं तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती है, इसीलिए अब भाजपा के लोग अपने घरों के बाहर ही विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### क्या है छात्रा के उत्पीड़न का मामला?

अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वह 23 दिसंबर 2024 को रात लगभग 8 बजे कॉलेज परिसर में एक इमारत के पीछे अपने पुरुष मित्र से बात कर रही थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धमकाया। छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। वहीं, पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर कोट्टूर के ज्ञानशेखरण को गिरफ्तार किया गया है।

# कॉलेज में शराब पीने के खिलाफ प्रदर्शन हुआ हिंसक

**नई दिल्ली.** गुजरात के पाटन जिले के एक विश्वविद्यालय में 16 दिसंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में गुरुवार को कांग्रेस विधायक किरीट पटेल और 20 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। किरीट पटेल पाटन का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके साथ सिद्धपुर के पूर्व विधायक चंदनजी ठाकोर, करीब 200 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और छात्र विंग के सदस्यों ने हॉस्टल में शराब पीने के विरोध में हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के अंदर प्रदर्शन किया। इसके अगले दिन पाटन बी डिवीजन पुलिस ने पटेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। उनपर पुलिस कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया गया। पुलिस उपाधीक्षक केके पंड्या ने कहा कि कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पटेल और ठाकोर फरार थे। उन्होंने कहा, "स्थानीय पुलिस के सामने सरेंडर करने के बाद हमने किरीट पटेल, चंदनजी ठाकोर समेत 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हम पहले ही 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुके हैं। इन सभी पर



विश्वविद्यालय में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप है।

पटेल और अन्य पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121-1, 132 और 224 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आठ दिसंबर को विश्वविद्यालय के हॉस्टल में शराब पीते पकड़े गए तीन युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए विपक्षी पार्टी के विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एचएनजीयू परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। गुजरात में शराब का सेवन करना गैरकानूनी है।

# आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण

### > पटनायक का भाजपा पर हमला

**नई दिल्ली.** गृह मंत्री अमित शाह के आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर जहां एक ओर कांग्रेस हमलावर है। वहीं दूसरी ओर ओडिशा के पूर्व सीएम और बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक ने भी गृह मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। नवीन पटनायक ने कहा कि बीआर आंबेडकर को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजद के 28वें स्थापना दिवस के मौके पर पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि मुझे लगता है कि डॉ बीआर आंबेडकर जैसी महान शख्सियत पर केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी बैलेट पेपर से चुनाव का समर्थन करती है। एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर हमने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। क्योंकि हम इसकी जांच कर रहे हैं।

पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि 2024 में लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा में पड़े वोटों



में काफी अंतर है। इसकी गंभीर रूप से जांच होनी चाहिए। मगर भाजपा इस मामले को लेकर काफी उत्साहित है। अभी तक किसी ने भाजपा पर कोई आरोप नहीं लगाया है। ऐसा लगता है कि यह एक व्यक्ति द्वारा खुद को निर्दोष बताने का उदाहरण है। जबकि उस पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा ओडिशा में झूठ फैलाकर और लोगों को गुमराह करके सत्ता में आई है। लेकिन इतने सारे झूठ के बाद भी बीजद भाजपा से ज्यादा वोट पाने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि बीजद उनके झूठ, उनके नकारात्मक अभियान और सोशल मीडिया पर गलत बयानों का सफलतापूर्वक मुकाबला नहीं कर पाई। मगर अब लोगों को अहसास हो रहा है कि भाजपा झूठे वादे करके सत्ता में आई है। राज्य में भाजपा सरकार के पहले छह महीने बाद लोग जरूरी चीजों की आसमान छूती कीमतों से परेशान थे। अपने उत्तराधिकारी को लेकर पटनायक ने कहा कि मैं यहां लंबे समय से हूं। मैंने इस बारे में नहीं सोचा है।

# हिंदू मंदिरों के लिए विहिप चलाएगा अभियान

### > 5 जनवरी से विजयवाड़ा से होगा शुरू

**नई दिल्ली.**

हिंदू मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति हेतु विश्व हिंदू परिषद ने गुरुवार को देश व्यापी जन जागरण अभियान की घोषणा की. विश्व हिन्दू परिषद के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभाव पूर्ण है.

उन्होंने कहा किसंतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान को प्रारम्भ करने जा रहे. इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित लाखों लोगों विराट समागम में होगा, यहां से अभियान शुरू किया जाएगा.

उन्होंने कहा किइसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे. इसीलिए कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा संतों, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ती या जज तथा सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के साथ समाज के वे प्रतिष्ठित लोग, जो हिंदू शास्त्रों और आगम की विधियों के ज्ञाता हैं, ऐसे लोगों को एकत्र कर राज्य स्तर की एक धार्मिक परिषद बनाएंगे.

उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तरीय परिषद जिला स्तरीय परिषद् व मंदिर के न्यासियों का चुनाव करेगी, जिसमें अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के साथ समाज के विविध वर्गों का सहभाग होगा. विवादों के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया निश्चित की जाएगी, ऐसे प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप गत सप्ताह ही हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलकर उन्हें उनके विचारार्थ सौंपा था. हमारी ऐसी ही चर्चा अन्य राज्य सरकारों तथा विविध राजनैतिक दलों से भी चल रही है.



### मंदिरों के प्रबंधन हिंदू समाज को सौंपने की मांग

परांडे ने कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए. इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण हेतु अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है.

# क्या सभी वंदे भारत में मिल रहा है घटिया खाना?

**नई दिल्ली.** कई बार वंदे भारत ट्रेनों में यात्रियों द्वारा खाने की क्वालिटी ठीक नहीं होने की शिकायतें सामने आई है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों में फूड क्वालिटी को जांचने का विशेष अभियान शुरू किया है। इस चैकिंग अभियान में अगर खाने की क्वालिटी घटिया पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। रेलवे इस दौरान ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों से भी खाने की गुणवत्ता पर उनका फीडबैक लेगा।दरअसल, रेलवे मंत्रालय ने देश के सभी जोनल रेलवे को सभी वंदे भारत ट्रेनों में 23 दिसंबर से 6 जनवरी तक फूड की क्वालिटी जांचने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। वहीं, 9 जनवरी तक इसकी रिपोर्ट भी सौंपने का आदेश दिया है। इस अभियान का मकसद वंदे भारत ट्रेनों में यात्रियों की खानपान संबंधी शिकायतों को दूर करना और खाने क्वालिटी में सुधार करना है। क्योंकि पिछले एक साल में कई वंदे भारत ट्रेनों में खानपान की क्वालिटी और अनियमितता को लेकर रेलवे को कई शिकायतें मिली है। रेल मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे से कहा है कि, इस निरीक्षण ड्राइव के दौरान खानपान सेवाओं का पूरी तरह से मूल्यांकन करें।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर तीन किलो सोना पकड़ा

### > जुआ खेलते 30 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली.**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुजरात के अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चालाक तस्करी के प्रयास का पर्दाफाश किया, जिसमें दो मिनी एयर कंप्रेसर के पिस्टन कैविटी के भीतर छिपाए गए 3 किलोग्राम सोने (लगभग 2.35 करोड़ रुपये) को जब्त किया गया।बैंकॉक से आने वाले एक भारतीय नागरिक को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर रोका गया और बाद में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत गिरफ्तार किया गया। डीआरआई ने सोने की तस्करी का मुकाबला करने में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है, अहमदाबाद और सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर 2024 में कुल जब्ती 93 किलोग्राम से अधिक है।

**भारत लौट आई है 'द सैटेनिक वर्जेस'**

ब्रिटिश-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी की विवादास्पद पुस्तक 'द सैटेनिक वर्सेज' राजीव गांधी सरकार



की ओर से प्रतिबंधित किए जाने के 36 साल बाद भारत लौट आई है। पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी के बहरीसंस बुकसेलर्स में इस पुस्तक का सीमित स्टॉक बिक रहा है। इस पुस्तक के लेखक और इसकी विषय-वस्तु के खिलाफ दुनियाभर के मुस्लिम संगठनों द्वारा इसे ईशनिंदा वाली किताब माने जाने के कारण काफी हंगामा हुआ था। ब्रिटिश-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी की विवादास्पद पुस्तक 'द सैटेनिक वर्सेज' राजीव गांधी सरकार की ओर से प्रतिबंधित किए जाने के 36 साल बाद भारत लौट आई है। पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी के बहरीसंस बुकसेलर्स में इस पुस्तक का सीमित स्टॉक बिक रहा है। इस पुस्तक के लेखक और इसकी विषय-वस्तु के खिलाफ दुनियाभर के मुस्लिम संगठनों के इसे ईशनिंदा वाली किताब माने जाने के कारण काफी हंगामा हुआ था।

# महिलाओं के सम्मान पर भाजपा-आप में घमासान

### > रजिस्ट्रेशन वालों को योजना का लाभ मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली.**




महिला सम्मान निधि के नाम पर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच घमासान छिड़ गया है। आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना के नाम पर अब तक 20 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का दावा किया है, वहीं भाजपा ने इस पूरी योजना को एक फ्रॉड बताकर केजरीवाल का घेराव किया है। दिल्ली के महिला और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी चेतावनी के कारण भी लोगों में संदेह बढ़ गया है। क्या इससे महिला सम्मान पाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों पर कोई असर पड़ेगा? पूर्वी दिल्ली में केजरीवाल की महिला सम्मान योजना हिट दिखाई दे रही है।

यहां महिला सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए लगे एक कैंप में महिलाओं की भारी भीड़ दिखाई पड़ी। फॉर्म भरने वाले युवक ने अमर उजाला को बताया कि उसने आज अब तक 150 से अधिक महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कर दिया है। यह भीड़ लगातार आ रही है और रजिस्ट्रेशन का काम पूरे दिन चलने वाला है।

अनायता ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि अरविंद केजरीवाल सरकार महिलाओं को 2100 रुपये देंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने पिछले चुनाव में भी एक-एक हजार रुपये का फॉर्म भरवाया था, लेकिन आज तक किसी को कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि उनके करीबी लोग पंजाब में भी रहते हैं, लेकिन सरकार बनने के तीन साल बाद भी आज तक महिलाओं को कुछ नहीं मिला है। किरण ने कहा कि केजरीवाल के हाथ में जो काम है, वे आज भी उसे नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वे कैसे विश्वास करें कि वे सत्ता में आने के बाद इस वादे को पूरा कर देंगे। उन्होंने कहा कि आज भी उनकी गली-मोहल्ले में गंदगी फैली हुई है, पानी की सप्लाई बहुत गन्दी है और पानी पीने के योग्य नहीं रहता। ऐसे में वे कैसे विश्वास करें कि केजरीवाल सत्ता में आये तो वे लोगों को 2100 रुपये देने लगेंगे।

# जापान एयरलाइंस पर साइबर अटैक

**टोकियो:** जापान एयरलाइंस (जेएएल) पर बड़ा साइबर हमला हुआ है। इससे सैकड़ों उड़ाने प्रभावित हो गई हैं। जापान एयरलाइंस ने कहा कि बृहस्पतिवार को उस पर साइबर हमला होने के कारण उसकी 20 से ज़्यादा घरेलू उड़ानों में देरी हुई। जबकि कई अन्य फ्लाइटें भी प्रभावित हुई। हालांकि कंपनी का दावा है कि उसने कुछ घंटों बाद अपने सिस्टम को बहाल कर लिया। इससे उड़ान सुरक्षा पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। जेएएल ने कहा कि समस्या बृहस्पतिवार की सुबह तब शुरू हुई जब कंपनी के आंतरिक और बाहरी सिस्टम को जोड़ने वाले नेटवर्क में खराबी आने लगी। एयरलाइन ने कहा कि उसने इसका कारण यह पता लगाया कि यह हमला नेटवर्क सिस्टम को डेटा के बड़े पैमाने पर प्रसारण से बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस तरह के हमले सिस्टम या नेटवर्क को तब तक बेहद व्यस्त कर देते हैं जब तक कि लक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिल जाती या सिस्टम क्रैश नहीं हो जाता।

# अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की प्रियंका गांधी की निंदा

### कहा- रोजगार मांगने पर हो रहा अत्याचार

**पटना.**





बीपीएससी की संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किए जाने पर कांग्रेस नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी का एकमात्र लक्ष्य अपनी कुर्सी बचाना है। यहां जो भी रोजगार मांगता है, उस पर अत्याचार किया जाता है। अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में प्रियंका गांधी ने लिखा कि हाथ जोड़े युवाओं पर लाठीचार्ज करना क्रूरता की पराकाष्ठा है। भाजपा राज में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जाता है। चाहे यूपी हो, बिहार हो या मध्य प्रदेश अगर युवा आवाज उठाते हैं तो उन्हें बेरहमी से पीटा जाता है। उन्होंने लिखा कि दुनिया के सबसे युवा देश के युवाओं के भविष्य के बारे में सोचना और उसके लिए नीतियां बनाना सरकार का काम है। लेकिन भाजपा के पास केवल अपनी कुर्सी बचाने का नजरिया है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि यहां जो भी रोजगार की मांग करता है, उस पर अत्याचार किया जाता है। वहीं कांग्रेस ने अभ्यर्थियों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। वहीं पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द नहीं किए जाने पर एक जनवरी 2025 को बिहार बंद का आह्वान किया है।

### सरकार ने हमारी बात को नहीं सुना

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि हमलोग लगातार एक सप्ताह से शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन सरकार ने हमारी बात को नहीं सुना। न तो सरकार की तरफ से और ना ही आयोग की तरफ से कोई बात करने आया, ऐसे में जब हमलोग आयोग के पास अपनी बात कहने आये तब पुलिस ने हमलोगों को बर्बरता के साथ पीटा।


